www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

16 मार्च 2026
हरदा, सोमवार
वर्ष-15, अंक - 276, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र कृष्ण पक्ष - 12
विक्रम संवत् 2082

# दक्षिण के द्वार नेपानगर को बनायेंगे प्रदेश के विकास का प्रमुख द्वार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

● कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है नेपानगर ● विकास तभी सार्थक, जब इसका लाभ पहुंचे समाज के अंतिम व्यक्ति तक ● किसानों की तकदीर बदल देगी नेपानगर की दो सिंचाई परियोजना






**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नेपानगर अद्भुत नगरी है। यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है। बुरहानपुर जिला मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। हम बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन-मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बुरहानपुर जिले के जनजातीय बहुल नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा क्षेत्र को 363 करोड़ 82 लाख रुपए के 127 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 151 करोड़ 62 लाख रुपए लागत के 81 विकास कार्यों का भूमिपूजन (30.59 करोड़ से सातपायरी में औद्योगिक प्रक्षेत्र के भूमिपूजन सहित) और 172 करोड़ 20 लाख रुपए लागत के 46 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास तभी सार्थक है, जब इसके प्रकाश का पूरा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों की सौगात मिली है, यह इस क्षेत्र के जनजातीय बंधुओं के कल्याण में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास के पन्नों में नेपानगर दक्षिण के द्वार के रूप में अंकित है। कभी खानदेश और दक्षिण की काशी के रूप में पहचाने जाने वाले नेपानगर को हमारी सरकार महाराष्ट्र के छोर पर मध्यप्रदेश के विकास के प्रमुख द्वार के रूप में विकसित करेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएँ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते एक माह के दौरान ही दो कार्यक्रमों में बुरहानपुर जिले को करीब 1100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर के शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय की पढ़ाई प्रारंभ कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपानगर में डॉ. हेगड़ेवार की स्मृति में एक आकर्षक उद्यान बनाया जाएगा। धूलकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत किया जाएगा। लोखंडिया से हसीनाबाद मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ताप्ती नदी पर वर्तमान रपटे के स्थान पर एक उच्च स्तरीय पुल बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र की पहचान असीरगढ़ के किले को भव्य पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में बनेंगे 'गीता भवन' : मुख्यमंत्री

### 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान

**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाएँ जा रहे हैं। गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है। इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए गीता भवन परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में भारतीय दर्शन, कला और साहित्यिक विमर्श के लिए एक आधुनिक अवसंरचना तैयार करना है। इंदौर और जबलपुर में निर्मित गीता भवन की सफलता को आधार मानते हुए अब इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है।



## प्रदेश में एलपीजी संकट, सुबह से कतार में लगे लोग

### इटारसी में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन, नाले में पाइप डालकर चूल्हा जलाया, लगाए नारे

**भोपाल/इंदौर/ग्वालियर/जबलपुर/उज्जैन (नप्र)।** मध्य प्रदेश में रसोई गैस (एलपीजी) को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ जहां कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से होटलों के चूल्हे ठंडे पड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ घरेलू गैस के लिए आम आदमी को धूप में घंटों पसीना बहाना पड़ रहा है। प्रदेश के अलग-अलग शहरों से किल्लत और राहत की मिली-जुली तस्वीरें सामने आ रही हैं।

**राजधानी का बुरा हाल: मैसेज आया, पर सिलेंडर नहीं** - भोपाल के जहांगीराबाद और बोगदा पुल जैसे इलाकों में स्थिति गंभीर है। यहां शीबा खान एक हफ्ते से भटक रही हैं। उनके फोन पर 13 मार्च को डिलीवरी का मैसेज तो आ गया, लेकिन सिलेंडर घर नहीं पहुंचा। अब वे रिश्तेदारों के यहां खाना बनाने को मजबूर हैं। वहीं मोहम्मद रियाज के घर 3 दिन से गैस नहीं थी। थक-हारकर उन्होंने नया इंडक्शन चूल्हा खरीदा है, ताकि परिवार भूखा न रहे।

## द्वितीय दिवस पर श्रीराम जन्म धूमधाम से मनाया




**भोपाल।** मैहन्दीपुर बालाजी मंदिर परिसर, प्राईवेट बिजली नगर कालोनी, गोविंदपुरा, भोपाल में आज द्वितीय दिवस राम जन्म धूमधाम से मनाया, कथा के द्वितीय दिवस यजमान दिनेश दरबार (बब्बू भाई) और उनकी पत्नी श्रीमती विभा दरबार ने पूजा अर्चना की उसके पश्चात श्री रामकथा व्यास गादी पर विराजमान पं. राम नरेश जी चौबे के मुखारविंद से अमृत वाणी से श्री राम कथा का वाचन किया गया। मुख्य यजमान रोहित चौबे और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सूर्या चौबे ने व्यास गादी का पूजन किया, व्यवस्थापक हरी कुमार व्यास, सुभाष व्यास, अनूप राजपूत, रोहित चौबे, लक्ष्मी नारायण पंथी, अशोक दीक्षित, आर सी नायक, श्रीमती संध्या शर्मा, सत्येन्द्र मोहन स्त्रोती, वरूण शर्मा, अमन, लाल चंद मेहरा, राम मोहन शर्मा ने पूजा अर्चना की। आयोजन में कालोनी की सम्माननीय महिलाओं और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई। सभी धर्म प्रेमियों से अनुरोध हैं श्री राम कथा दिनांक 14-03-2026 से दिनांक 18-03-2026 तक समय 3.30 दोपहर से शाम 6.30 तक नियमित रूप से श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करे।

## भोपाल में हवाला के 55 लाख लूटे, 12 आरोपी गिरफ्तार

### सट्टे के कर्ज में डूबे अकाउंटेंट ने रची थी साजिश; 35 लाख कैश बरामद

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल के स्मार्ट सिटी रोड पर हवाला के 55 लाख रुपए लूटने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 35 लाख रुपए कैश, दो बाइक, एक एक्सेस स्कूटी, एक ऑटो और 9 मोबाइल जब्त किए गए हैं। बाकी रकम और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, वारदात की साजिश एक अकाउंटेंट ने रची थी, जिस पर ऑनलाइन सट्टे के कारण कर्ज हो गया था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हवाला की रकम ले जाने वालों को निशाना बनाया और लूट की योजना बनाई।

**हवाला के पैसों को बनाया निशाना** - शामला हिल्स थाना क्षेत्र में 7 मार्च की रात करीब 9:30 बजे दो बदमाशों ने स्मार्ट सिटी रोड पर वाहन रोककर चाकू की नोक पर बैग छीन लिया था। बैग में 55 लाख 50 हजार रुपए थे। यह रकम हवाला के जरिए ले जाई जा रही थी। चूनाभट्टी निवासी दिव्यांग बरोट ने 8 मार्च को इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**तीन-चार दिन पहले बनाई थी योजना** - पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि



आरोपियों ने घटना से करीब तीन-चार दिन पहले योजना बनाई थी। इसके बाद पूरे रूट की रैकी की गई और फिर वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अपने मुखबिर नेटवर्क की मदद से आरोपियों तक पहुंची।

**ऐसे दिया वारदात को अंजाम** - 7 मार्च की रात हवाला की रकम लेकर जा रहे लोगों का आरोपियों ने पीछा किया। पॉलिटेक्निक चौराहे के पास से उनका पीछा करते हुए स्मार्ट सिटी रोड पर आंचलिक विज्ञान केंद्र के पास वाहन अड़ाकर उन्हें रोक लिया।

# सशक्त एवं जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

### खाद्य मंत्री ने देखी मिलावट: पीली हल्दी हो गई लाल, बोले- मिलावटखोर धीमा जहर दे रहे, हर उपभोक्ता जिद्दी बने

**भोपाल (नप्र)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने सभी को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि एक सशक्त और जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव होता है। श्री राजपूत ने कहा कि खाद्य पदार्थों के रूप में धीमा जहर देने वाले के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें, तभी इस दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उपभोक्ताओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और उचित मूल्य पर वस्तुएं एवं सेवाएं उपलब्ध हो, यह हमारा दायित्व भी है और संकल्प भी है।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि खरीददारी करते समय बिल लेना, उत्पाद की गुणवत्ता और समाप्ति की तिथि अवश्य देखना, किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराना, यह सभी जागरूक उपभोक्ता को मजबूत बनाते हैं। उपभोक्ताओं के हित में भारत सरकार ने वर्ष 2019



में नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम बनाया। यह कानून उपभोक्ताओं के रक्षा की गारंटी देता है। इसमें 06 प्रकार के अधिकार चुनने का अधिकार, सूचित होने का अधिकार, उपभोक्ताओं की सुरक्षा का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, उपभोक्ता की समस्याओं के निराकरण का अधिकार और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार (जागरूक बने रहने का अधिकार) बताये गये हैं।

## जिद्दी उपभोक्ता बनें

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि अपने अधिकारों के लिये उपभोक्ताओं को जिद करना चाहिये। ठगी होने पर उपभोक्ताओं को उपभोक्ता न्यायालयों की मदद लेनी चाहिए और इस संबंध में दूसरों को भी जागरूक करना चाहिये। उन्होंने इस संबंध में एक घटना का उल्लेख करते हुए सागर के डॉक्टर हरिसिंह गौर को भी याद किया। श्री राजपूत ने कहा कि मेरा आग्रह है कि हम सभी उपभोक्ता हैं तथा हम सभी का यह कर्तव्य है कि अनुचित व्यापार को रोकने में अपनी जागरूकता का परिचय दें एवं ठगे जाने से बचें। उपभोक्ता कानून में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने का प्रावधान है। सुनवाई वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भी की जाती है। जिला आयोग/फोरम के निर्णय से असंतुष्ट होने पर राज्य आयोग में अपील का भी प्रावधान है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने की अध्यक्षता

## जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न




**अनोखा तीर, बुदनी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री चौहान ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी समन्वय के साथ मिलकर काम करेंगे तो योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपनी विभागीय गतिविधियों की जानकारी समय-समय पर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं, ताकि आमजन का फीडबैक भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त हो सके और कार्यों का बेहतर ढंग से संपादन किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति उसकी पात्रता के अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन करें, ताकि आमजन तक उनका लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और शासकीय सेवकों दोनों का कर्तव्य जनता की सेवा करना है, इसलिए अपने कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन करें। उन्होंने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की विभागवार एवं जनपदवार विस्तार से समीक्षा की तथा बैठक के दौरान विधायकों एवं समिति के सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री बालागुरू के., जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव तथा संबंधित विभागों के जिलाधिकारियों द्वारा विभागीय प्रगति की विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना नगरीय एवं ग्रामीण की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य हर गरीब व्यक्ति को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराना है। इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आवास योजना के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों के नाम छूट गए हैं, उनका पुनः सत्यापन कर लिया जाए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाए, ताकि वे अपने स्वरोजगार को बढ़ाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

उन्होंने जन संसाधन एवं जल निगम की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन योजनाओं का कार्य प्रगति पर है, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि समय-समय पर बांध, तालाब और बैराजों की मरम्मत भी की जाए, ताकि पानी व्यर्थ न बहे। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए यह भी कहा कि ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। पंचायतों में संचालित पेयजल योजनाओं में उत्पन्न गतिरोध को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर दूर किया जाए और योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान यदि सड़क या पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होती है तो उसकी तुरंत मरम्मत भी की जाए। बैठक में उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में जो भी विकास कार्य प्रस्तावित हैं, उनके लिए शीघ्र अनुमति प्रदान की जाए, ताकि कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ हो सकें।

बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर सहित जिला पंचायत एवं जनपद सदस्यों द्वारा सड़क, बिजली, पेयजल और विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने सभी मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, अनुसूचित जनजाति वित्त विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला बारेला, जिपं अध्यक्ष रचना मेवाड़ा, रघुनाथ भाटी, रवि मालवीय, सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों के अध्यक्ष, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला वन मंडलाधिकारी अर्चना पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन गतिविधियों की समीक्षा

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि जिले में अब तक 9 हजार 73 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं, जिनमें 01 लाख 6 हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा 797 ग्राम संगठन तथा 35 क्लस्टर स्तरीय संघ (सीएलएफ) गठित किए गए हैं। बैंक लिंकेज के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही लखपति दीदी अभियान अंतर्गत जिले में 23 हजार 598 महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से लगभग 22 हजार 988 महिलाएं इस लक्ष्य को प्राप्त कर चुकी हैं। मंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि महिला स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में आवास प्लस योजना के अंतर्गत कुल 32 हजार 788 आवासों का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से 32 हजार 479 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। अब तक 14 हजार 449 आवास पूर्ण हो चुके हैं। वहीं वर्ष 2025-26 के लिए आवास प्लस योजना में 17 हजार 723 आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से 12 हजार 951 आवासों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने के लिए कार्यों में तेजी लाई जाए तथा जिन हितग्राहियों के नाम छूट गए हैं उनका पुनः सत्यापन किया जाए।

### विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा

बैठक में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना मनरेगा की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान देती है। इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को रोजगार उपलब्ध कराने, जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना और आजीविका से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। योजना में डिजिटल मॉनिटरिंग, बायोमेट्रिक और जीपीएस आधारित तकनीकों का उपयोग भी किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में इस योजना के अंतर्गत अब तक कुल 392 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी कुल लंबाई लगभग 1886 किमी. है और इनकी लागत लगभग 698 करोड़ रुपए से अधिक है। इन सभी स्वीकृत सड़कों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। इसके अलावा योजना के अंतर्गत 30 पुलों का निर्माण भी किया गया है, जिन पर लगभग 75 करोड़ रुपए की लागत आई है। बैठक में बताया गया कि आगामी चरण में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के अंतर्गत जिले में 111 नई सड़कों के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 265 किमी. होगी और इससे 122 बसाहटों को लाभ मिलेगा।

## सार-समाचार

# पुलिस ने तीन नाबालिग बालिकाओं को किया बरामद

### आरोपियों को न्यायालय में किया पेश



**अनोखा तीर, रहटगांव।** थाना रहटगांव में विगत 10 दिनों के अंदर तीन नाबालिग बालिकाओं के अपहरण की घटना सामने आई थी। इस संबंध में थाना रहटगांव में अपराध क्र. 103/26, 104/26 एवं 108/26 कायम कर अपहृत नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक शशांक हरदा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) टिमरनी आकांक्षा तलया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनोज दुबे द्वारा टीम का गठन कर बालिकाओं की तलाश के प्रयास किए गए। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों नाबालिग बालिकाओं को विभिन्न स्थानों से दस्तयाब कर लिया। मामले में आरोपी अभिषेक पिता ओमप्रकाश कास्दे उम्र 21 साल निवासी ग्राम खोखराखेड़ा थाना चिचोली जिला बैतूल, 2. पर्वत काजले पिता कैलाश काजले उम्र 19 साल निवासी ग्राम पीपलटोला थाना खालवा जिला खंडवा, हितेश पिता तिजोरी काजले उम्र 19 साल निवासी ग्राम गोराखाल थाना रहटगांव जिला हरदा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें विशेष भूमिका थाना रहटगांव सउनि प्रदीप रघुवंशी, सउनि राजेश उइके, प्रआर प्रदीप, प्रआर गजेंद्र, प्रआर राममोहन चिचाम, आर महेंद्र रघुवंशी, आर ब्रजेश, आर अरविंद पहाड़े, महिला आर ललिता सुरागे एवं आर मनोज दोहरे, आर लोकेश सातपुते, आर कमलेश तथा साइबर टीम हरदा की सराहनीय भूमिका रही।

# गर्मी शुरु होते ही बढ़ी बिजली कटौती

### शनिवार-रविवार को 5 से 6 घंटे तक बंद रही बिजली

**अनोखा तीर, मसनगांव।** गर्मी शुरु होते ही बिजली वितरण कंपनी द्वारा बिजली कटौती किए जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से बंद हुई बिजली शाम 5 बजे आई, जबकि रविवार को सुबह 10 बजे बंद हुई बिजली शाम 4 बजे तक चालू हो सकी। वितरण कंपनी द्वारा 33 केवी लाइन के मेंटेनेंस के लिए दोपहर में घंटों तक बिजली बंद रखी गई, जिससे ग्रामीण गर्मी में हलकान होते रहे। इस समय मूंग की फसल में किसानों द्वारा सिंचाई की जा रही है। इसके लिए शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक तथा सुबह 6 बजे से 10 बजे तक खेती के लिए बिजली दी जा रही है। इस बीच कटौती होने से खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। समय पर सिंचाई नहीं होने से किसानों को मूंग की फसल उगाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश स्थानों पर दिन में बिजली बंद रखी जाती है, इसके बावजूद वितरण कंपनी की कटौती से जहां ग्रामीण परेशान हैं, वहीं रात में वोल्टेज की समस्या भी बढ़ने लगी है।

**पंखे-कूलर हुए शुरू :**मार्च माह में ही तेज गर्मी बढ़ने से पंखे और कूलर चलने लगे हैं। ऐसे में बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही कटौती भी बढ़ गई है, जिससे दोपहर और रात में पंखे-कूलर बंद होने से ग्रामीणों को गर्मी झेलनी पड़ रही है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मेंटेनेंस के बावजूद लाइन में फॉल्ट आने से समस्या बनी हुई है। सबसे अधिक दिक्कत 33 केवी लाइन में आ रही है, जो वर्षों पुरानी होने के कारण कई स्थानों पर खराब हो चुकी है। हरदा से यह लाइन दो सब स्टेशन कांकरिया और सोनतलाई तक जाती है, जहां से 42 गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है। एक जगह खराबी आने पर दोनों सब स्टेशनों की बिजली बंद करनी पड़ती है, जिसका खामियाजा 42 गांवों के उपभोक्ताओं को कटौती के रूप में भुगतना पड़ता है। डीसी के लाइनमैन के अनुसार 33 केवी लाइन में सुधार के लिए दो दिनों से दोपहर में बिजली बंद की जा रही है, जो सोमवार से व्यवस्थित होने की संभावना है।

# फाइनेंशियल गड़बड़ियों को लेकर भोपाल निगम सेंट्रल वर्कशॉप में छापा

### फर्जी बिलिंग से जुड़ा है मामला, 2 दिन पहले अपर आयुक्त पर दर्ज हुई थी एफआईआर

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल नगर निगम में रविवार सुबह 9 बजे लोकायुक्त की टीम ने सेंट्रल वर्क शॉप माता मंदिर के करीब स्थित नगर निगम के ऑफिस में छापा मारा। टीम की छापा मार कार्रवाई अभी भी जारी है।

दरअसल, बिना काम कराए फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपए निकालने के मामले में लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की थी। इसी कार्रवाई के दौरान टीम को बड़े पैमाने पर सेंट्रल वर्कशॉप नगर निगम में वित्तीय अनीयमितताएं किए जाने के सबूत मिले थे। जिसके आधार पर रविवार को यह कार्रवाई की जा रही है। यहां निगम की गाड़ियों से जुड़े मैकेनिकल काम होते हैं।

निगम के डाटा सेंटर फतेहगढ़ से पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए करीब 10 साल के दस्तावेज और सर्वर डाटा जब्त कर लिया था। अब लोकायुक्त की टीम सेंट्रल वर्क शॉप स्थित ऑफिस से दस्ताजों की जांच कर रही है। साथ ही जिम्मेदार सहित वहां मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।

**11 मार्च को अपर आयुक्त के खिलाफ दर्ज की थी एफआईआर :**निगम में फर्जी भुगतान की शिकायत नवंबर 2025 में लोकायुक्त को मिली थी। प्रारंभिक जांच में तथ्य सही पाए जाने पर 11 मार्च को आयुक्त गुणवंत सेवतकर के खिलाफ भ्रष्टाचार, आपराधिक षड्यंत्र और कूटरचित दस्ताजों के आधार पर धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद कोर्ट से सर्च वारंट लेकर छापेमारी की गई।

**सॉफ्टवेयर से फर्जी बिल तैयार कराए :**लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर के अनुसार, शिकायत में आरोप है कि सॉफ्टवेयर की मदद से फर्जी बिल तैयार कराए गए और बिना काम कराए ही परिचितों व रिश्तेदारों की फर्मों के नाम पर करोड़ों रुपए का भुगतान कराया गया।

**गड़बड़ी-बिना काम कराए ई-बिल से भुगतान :**आरोप है कि नगर निगम के जलकार्य, सामान्य प्रशासन और केंद्रीय वर्कशॉप जैसे विभागों के नाम पर वाहनों की मरम्मत, पेंटिंग और अन्य काम दिखाए गए। कई मामलों में वास्तव में काम हुआ ही नहीं, लेकिन सिस्टम में ई-बिल तैयार कर दिए गए। कुछ मामलों में जिस विभाग के नाम से बिल बनाए गए, उन्हें ही इसकी जानकारी नहीं थी।

**दो दिन पहले डेटा सेंटर से जब्त किए थे रिकार्ड :**लोकायुक्त टीम ने शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे निगम के डाटा सेंटर फतेहगढ़ में छापेमारी की। लोकायुक्त का कहना है कि डिजिटल डाटा और दस्तावेजों की जांच के बाद मामले में अन्य कर्मचारियों और फर्मों की भूमिका भी सामने आ सकती है।

# एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी पर कार्रवाई

- **1357 सिलेंडर जब्त, 8 प्रकरण में एफआईआर**
- **मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री ने घरेलू गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

**अनोखा तीर, भोपाल।** प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध जारी निर्देशों के पालन में प्रदेश भर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में 1025 स्थानों पर कार्यवाही कर 1357 सिलेंडर जब्त किए गए तथा 8 प्रकरण में एफआईआर की गयी। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी तथा घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता के सम्बन्ध में ऑयल कंपनियों से समन्वय के लिए राज्य स्तर पर 6 सदस्यीय समिति भी गठित की गयी है, जो प्रदेश में कामर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने भी अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा के निर्देश दिए हैं। इसी अनुपालन में अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने तथा एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रेस ब्रीफ जारी कर नागरिकों से पैनिक बुकिंग नही करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में एजेंसी पर जाकर बुकिंग करने के स्थान पर डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी गयी है। ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गई है। अतः उपभोक्ता बुकिंग के लिए इन डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें। देश में घरेलू गैस के उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । इसके अलावा स्ट्रेट ऑफ़ हॉर्मुज से एलपीजी के दो शिप भारत के लिए रवाना हो गए हैं, जो 16-17 मार्च तक भारत के कांडला (गुजरात) और मुंद्रा पोर्ट (मुंबई) पर पहुँच जायेंगे। पीएनजी गैस का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि वह अनावश्यक रूप से एलपीजी गैस बुकिंग नहीं करें। पेट्रोल, डीजल ,घरेलू पीएनजी तथा सीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है और इनकी आपूर्ति भी निरंतर एवं बिना कटौती के जारी रहेगी।

**अनियमितता या विलंब पर तत्काल कार्रवाई करें :**गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की जा रही है। समस्त जिला कलेक्टर को निर्देश दिए गए है कि यदि कहीं वितरण व्यवस्था में अनियमितता या विलंब की शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए। जिला प्रशासन गलत सूचनाओं का प्रसार और अफवाहों को सख्ती से रोकें और उपभोक्ताओं तक मीडिया के माध्यम से सही सूचना पहुंचाएं। नागरिकों के बीच सकारात्मक माहौल बनाए और सूचना-तंत्र मजबूत कर अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। ऑयल कंपनी के स्टेट नोडल ऑफिसर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में गैस सिलेण्डर का पर्याप्त स्टॉक है तथा प्रदेश के 11 बॉटलिंग प्लांट एवं वितरकों के गोदाम में पर्याप्त सिलेण्डर उपलब्ध हैं। घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि विगत अंतिम रिफिल के 25 दिन बाद पुनः बुकिंग कराएं।

**उपभोक्ता अनावश्यक से अफवाहों से भ्रमित न हों :**प्रशासन द्वारा वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध स्टॉक का विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं वैकल्पिक ईंधन स्त्रोतों को अपनाने की सलाह भी दी गयी है। जहां पीएनजी लाइन उपलब्ध है वहां पीएनजी के कनेक्शन लेने और जिन कामो में गैस ज्यादा खर्च होती है उनको नियंत्रित करने एवं विकल्प तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रदेश में घरेलू गैस की पर्याप्त आपूर्ति जारी है, उपभोक्ता अनावश्यक रूप से अफवाहों से भ्रमित न हों। देश की रिफायनरी उच्च क्षमता पर कार्य कर रही हैं तथा पश्चिम एशिया के अतिरिक्त अन्य स्थानों से भी कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

# भूस के कोठे में लगी आग, लाखों का नुकसान

### 20 टैंक भूसा, लकड़ी, टीन शेड व दरवाजे जलकर खाक



**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम के वार्ड 4 में शनिवार रात करीब 8 बजे भुस से भरे कोठे में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात बताया जा रहा है। आग लगते ही कोठे में रखा भुसा तेजी से जलने लगा और देखते ही देखते आग ने पूरे कोठे को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी राजकुमार पटेल के यहां उनकी गौशाला में रखे भुस के कोठे में आग लगी। आग की चपेट में आकर करीब 20 टैंक भुसा, लाखों रुपए की लकड़ी, पायगा, टीन शेड और दरवाजे जलकर पूरी तरह खाक हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घरेलू मोटरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। वहीं टिमरनी से पहुंची दमकल की मदद से करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की सतर्कता से आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया, नहीं तो आसपास के मकानों में भी आग फैल सकती थी। इस आगजनी की घटना में पीड़ित को करीब 2 से 3 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही रहटगांव तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, नायब तहसीलदार रश्मि धुवे, ग्राम पटवारी रोहित वर्मा, कोटवार तथा डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। राजस्व विभाग द्वारा रविवार को मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया।

## भूसे से भरे ट्रक ने रेलवे की सेफ्टी वाल तोड़ी



**अनोखा तीर, मसनगांव।** स्टेट हाईवे पर भिरंगी रेलवे गेट के पास हरदा की ओर से भूसा लेकर जा रहा एक ट्रक रेलवे की सेफ्टी वाल में जाकर फंस गया। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। भूसे से भरा ओवरलोड ट्रक भिरंगी गेट से निकल रहा था, तभी वह गेट की सेफ्टी वाल में अटक गया। इस कारण कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। हालांकि ट्रक एक ओर फंसा होने के कारण दूसरी ओर से वाहन निकलते रहे। सेफ्टी वाल टूटने के कारण रेलवे द्वारा जीआरपी में शिकायत की गई, जिस पर जीआरपी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर प्रकरण दर्ज किया।

# सेवा देने वाली महिलाओं का किया सम्मान

**अनोखा तीर, रहटगांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मगरधा क्षेत्र में युवाओं द्वारा समाज सेवा में योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम उड़ान विद बॉयज फेलोशिप के फेलो अरबाज खान और ऋषि मालवीय द्वारा गांव के युवा साथियों के साथ मिलकर आयोजित किया गया। इस पहल को सिनर्जी संस्थान का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं तथा माताओं को छोटे-छोटे उपहार देकर सम्मानित किया गया। युवाओं ने बताया कि ये महिलाएं दिन-रात समुदाय के स्वास्थ्य, बच्चों की देखभाल और महिलाओं को जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य करती हैं, इसलिए उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में राहुल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य समुदाय में जागरूकता लाना और



युवाओं को एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि हर महिला के लिए अवसर और हर रूप की पहचान का संदेश समाज तक पहुंचाना बहुत जरूरी है। युवाओं ने कहा कि गांव स्तर पर ये महिलाएं हर छोटी-बड़ी समस्या में लोगों की मदद करती हैं और अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाती हैं। इसलिए ये महिलाएं वास्तव में महिला दिवस के सम्मान की सच्ची हकदार हैं। कार्यक्रम के अंत में युवाओं ने सभी लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास की महिलाओं, विशेषकर मां, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान करें, क्योंकि वे समाज को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर सम्मानित महिलाओं के चेहरों पर खुशी और गर्व साफ दिखाई दिया।

# आम पेड़ के नीचे दिन में महिलाएं खेल रहीं पाती



### माता रानी के पंडालों में देर रात तक गूंज रहे जयकारे

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम सहित समीपस्थ ग्राम बहरागांव में इन दिनों गणगौर उत्सव की धूम मची हुई है। गांव में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल बना हुआ है तथा महिलाओं में उत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। सोडलपुर की इंदिरा कॉलोनी में पूनम भाटी के यहां तथा बहरागांव में रामकृष्ण पाटिल के यहां माता रानी को पावनी बुलाया गया है। यहां दिन के समय महिलाएं आम पेड़ के नीचे एकत्रित होकर पाती खेलती हैं और विभिन्न तरह के स्वांग रचते हुए धनियर राजा और गोरा रानी की आराधना करती हैं। वहीं शाम ढलते ही माता रानी के सजे हुए सुंदर पंडालों में धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाती है। आसपास के गांवों के मंडल तथा अन्य जिलों से आए कलाकार भी यहां पहुंचकर देर रात तक झालरे और भजनों की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। माता रानी के दरबार में हो रही इन प्रस्तुतियों को देखने के लिए गांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में गणगौर उत्सव को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

# स्वामी चक्रपाणि महाराज को जगतगुरु बनने पर कायस्थम ने दी बधाई

**अनोखा तीर, भोपाल।** सनातन धर्म के प्रबल पक्षधर, अखिल भारतीय हिंदू महासभा एवं संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा श्री चित्रगुप्त अखाड़ा न्यास मथुरा के प्रमुख स्वामी चक्रपाणि महाराज को श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा द्वारा आध्यात्मिक दायित्व दिए जाने पर कायस्थम मध्य प्रदेश ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कायस्थम मध्य प्रदेश के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी चक्रपाणि महाराज का जीवन सनातन धर्म, राष्ट्र और



समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है। उन्हें जगतगुरु पद का दायित्व प्रदान किए जाने से सनातन धर्म और अधिक मजबूत होगा। स्वामी चक्रपाणि महाराज नए दायित्व के साथ अब निश्चित रूप से पूरे विश्व में सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे। प्रलय श्रीवास्तव ने कहा कि अखाड़ा परिषद और श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा द्वारा स्वामी चक्रपाणि महाराज जैसे सनातन धर्म के प्रबल पक्षधर, अध्यात्म और धर्म के संरक्षक, योग्य, विद्वान एवं श्रेष्ठ संत का चयन किया जाना समस्त चित्रांश कुल के लिए गर्व का विषय है। उनके कुशल नेतृत्व में सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा और अधिक सशक्त होगी तथा कायस्थ कुल का नाम गौरवान्वित होगा। उल्लेखनीय है कि स्वामी चक्रपाणि महाराज चित्रांश कुल से संबंध रखते हैं। उन्हें कायस्थम मध्य प्रदेश की ओर से गत 11 जनवरी को रविंद्र भवन, भोपाल में आयोजित भव्य समारोह में कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया था।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाई संगठन के 80वें स्थापना वर्ष तथा फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर अंतराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और गरिमा के साथ हरदा में मनाया गया। यह कार्यक्रम बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाई यूनियन मध्य प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें महिला कर्मचारियों की विशेष भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान महिला साथियों ने संगठन की एकता और कर्मचारी-अधिकारियों के हितों की रक्षा में यूनियन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला साथियों ने हरदा के वृद्ध आश्रम में फल वितरण भी किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कंचन ठाकुर, रूशाली गौर और पलक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में महिला सशक्तिकरण और संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




# आचार्य उमेशमुनि की 14वीं पुण्य स्मृति श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई

**अनोखा तीर, खिरकिया।** आचार्य, जिनशासन गौरव, आध्यात्म योगी, भक्तों के आराध्य गुरुदेव श्री उमेशमुनि जी म.सा. की 14वीं पुण्य स्मृति रविवार, 15 मार्च को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दुर्गा सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा संचालित अन्नपूर्णा आश्रम में निराश्रितों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में श्री संघ के पूर्व अध्यक्ष चंपालाल भंडारी, संरक्षक इंद्रचंद श्रीश्री माल, ज्ञानचंद मेहता, धर्मदासगण परिषद के राष्ट्रीय मंत्री राजेश मेहता, आदेश चोपड़ा, मनोज मेहता, चेतन रांका, सुमित सांड, विवेक विनायक, एकाग्र श्री श्री माल, चारवी




विनायक सहित अन्य उपस्थित थे। साथ ही चंदन बाला श्राविका मंडल द्वारा ओपन बुक परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर जप, तप और त्याग की आराधना के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। यह जानकारी श्री संघ के आशीष श्री श्री माल ने दी।

## मुख्यमंत्री ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अर्थव्यवस्था का आधार उपभोक्ता है, उपभोक्ता की जागरूकता ही बाजार को गति और पहचान प्रदान करती है, हर उपभोक्ता का अपने अधिकारों को जानना और उत्पाद एवं सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहभागी होना आवश्यक है।

# नए पश्चिमी विक्षोभ से पहले तपेगा मप्र, 17 से उत्तरी इलाके में बारिश का अलर्ट

### ग्वालियर-जबलपुर भीगेंगे,अगले 4 दिन तक 12 जिलों में आंधी-बारिश, भोपाल, इंदौर-उज्जैन में गर्मी

भोपाल (नप्र)। मध्य प्रदेश में तेज गर्मी के बीच आंधी-बारिश का अलर्ट है। रविवार को उत्तर और दक्षिणी हिस्से के 8 जिलों में बारिश हो सकती है। इनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 18 मार्च तक आंधी-बारिश का दौर बना रहेगा। यानी, इस साल मार्च में पहली बार मावठा गिरेगा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और टर्फ की वजह से प्रदेश में मौसम बदलेगा। 17 मार्च को एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में बादल, बारिश, आंधी और गरज-चमक का दौर लगातार जारी रहेगा।

### 3 दिन बारिश, गरज-चमक वाला मौसम

**16 मार्च:** बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर।

**17 मार्च:** सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर।

**18 मार्च:** ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा।

**गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी, पारा गिरेगा :**शनिवार को प्रदेश में सूरज के हीट अटैक का दौर जारी रहा। भोपाल, इंदौर समेत कई जिलों में सुबह से ही तीखी धूप रही। इससे पहले 2 दिन तक नर्मदापुरम में तीव्र लू दर्ज की गई। यहां दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा।

बता दें कि मार्च के दूसरे हफ्ते में ही प्रदेश में तेज गर्मी पड़ रही है। पिछले 3 दिन से पारा 40 डिग्री के पार ही है। ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम और सागर संभाग में गर्मी का असर ज्यादा है।

नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। शनिवार को भी नर्मदापुरम में तीव्र लू का असर देखा गया। लगातार तीसरे दिन तेज गर्म हवा चली। शनिवार को यहां दिन का पारा 40.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 6.9 डिग्री अधिक है। वहीं, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर-उज्जैन से भी गर्म जबलपुर रहा। यहां अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को नर्मदापुरम के बाद खरगोन सबसे गर्म रहा। यहां पारा 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंडला, रतलाम, दमोह, खंडवा, खजुराहो, रायसेन, शाजापुर, गुना, नरसिंहपुर, सतना, सिवनी, बैतूल, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़, उमरिया, सागर और धार में तापमान 37 डिग्री या इससे ज्यादा दर्ज किया गया।




अनोखा तीर

3

# हरदा नगर

हरदा, सोमवार 16 मार्च 2026


## मध्य प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में वन विभाग से परमिशन लेकर ही लोग पकड़ पाएंगे सांप, राज्य में लागू होगी सर्पा योजना

**भोपाल, नप्र।** मध्य प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अब वन विभाग से अनुमति प्राप्त व्यक्ति ही सांप पकड़ पाएंगे। इसके लिए संबंधित वन मंडल के डीएफओ अनुमति देंगे। संबंधित व्यक्ति को सर्प विशेषज्ञ होने का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। यह पूरी व्यवस्था सर्पा योजना के तहत की जाएगी। दक्षिण भारत के कई राज्यों में ऐसी योजना चल रही है। इस योजना के तहत मध्य प्रदेश में एक मानक प्रक्रिया तय की जाएगी और सांप पकड़ने वालों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक में लिए फैसले के बाद मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने वन विभाग को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। दरअसल, वर्षा काल में नगरीय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सांप निकलते हैं। इनकी वजह से रहवासी आतंकित भी हो जाते हैं। मदद के लिए सर्प पकड़ने में दक्ष लोग बुलाए जाते हैं लेकिन इनके पास न अनुमति होती है न ही किसी तरह का प्रमाण पत्र होता है। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत बिना अनुमति सांप पकड़ना अपराध है, इसलिए वैधता सुनिश्चित करने के लिए भी यह योजना लाई जा रही है। **नगरीय निकायों में सूचीबद्ध हैं सांप पकड़ने वाले :**प्रदेश में सांप पकड़ने वाले कितने अनुभवी लोग हैं, वन विभाग के पास इसका कोई डाटा नहीं है। वन विभाग के पास 70 वन रक्षक सर्प विशेषज्ञ हैं। हालांकि, नगरीय निकायों में सांप पकड़ने वाले सूचीबद्ध हैं। इनका मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किया जाता है। घरों में सांप निकलने पर आम लोग इनसे ही संपर्क करते हैं।

## सार-समाचार

### नवीन आबकारी नीति के तहत शराब दुकानों की चतुर्थ चरण की नीलामी 16 मार्च से,ई-टेंडर के जरिए होगा निष्पादन

अनोखा तीर, हरदा। नवीन आबकारी नीति वर्ष 26-27 के अनुसार हरदा जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार, जिले की शेष रही 12 कम्पोजिट मदिरा दुकानों को 5 समूहों में बांटकर चतुर्थ चरण अंतर्गत ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। यह कार्यवाही 16 मार्च से 17 मार्च तक संपन्न होगी। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि ई-टेण्डर से निष्पादन के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड व ऑफर सबमिट करने की तिथि 16 मार्च 2026 को प्रात: 10 बजे से 17 मार्च 2026 को शाम 4 तक रहेगी। इसी प्रकार ई-टेण्डर की प्रक्रिया 17 मार्च को सम्पन्न होगी। उन्होने बताया कि ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की कार्यवाही जिला निष्पादन समिति द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी।

### चना एवं मसूर फसल के उपार्जन 16 मार्च तथा सरसों के लिए 20 मार्च तक होंगे पंजीयन

**अनोखा तीर, हरदा।** म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार रबी वर्ष 25-26 विपणन वर्ष 26-27 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक चना एवं मसूर के पंजीयन किए जाएंगे। उप संचालक कृषि जेएल कास्दे ने बताया कि जिले में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु स्थापित पंजीयन केंद्र, द्वारा ही चना, मसूर एवं सरसों फसल के पंजीयन किये जायेंगे। उन्होने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि चना एवं मसूर फसल के उपार्जन के लिये निर्धारित समयावधि 16 मार्च तक तथा सरसों फसल के लिए 20 मार्च तक अपना पंजीयन करा लेवें।

### एमपी किसान एप या जे. फार्म एप के माध्यम से उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग करें

**अनोखा तीर, हरदा।** किसान भाई एम.पी. किसान एप या जे.फ़ार्म सर्विस एप के माध्यम से अपनी नजदीकी कस्टम हायरिंग केन्द्रों के संचालक से उन्नत कृषि यंत्रो को किराए पर अनुबंध कर, अपनी कृषि भूमि में उपयोग कर सकते है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि जिले में 171 कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित है, जिसमे से 81 कस्टम हायरिंग केंद्र, जे.फ़ार्म सर्विस एप में पंजीकृत है। उन्होने बताया कि किसान भाई जे.फ़ार्म सर्विस एप के माध्यम से सुपरसीडर, रिवर्सिवल प्लाउ, रीपर, रीपर कम बाइन्डर, स्ट्रा रीपर, मल्चर इत्यादि उन्नत कृषि यंत्रों को किराये पर लेकर, नरवाई प्रबंधन कर सकते है, साथ ही उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग करने से मृदा में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा में वृद्धि, फसलों की उत्पादकता में वृद्धि तथा उत्पादन लागत में कमी होगी जिससे कृषको की आय में वृद्धि हो सकेगी।

### युवक ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

### भोपाल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा में रविवार को सादानी कम्पाउंड निवासी 35 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीली दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत भोपाल ले जाते समय रास्ते में हो गई। शाम करीब पांच बजे जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सादानी कम्पाउंड निवासी जितेंद्र पिता जगदीश गौर (35) ड्राइविंग का काम करता था। उसने रविवार सुबह करीब 11 बजे सल्फास के दो पाउच खा लिए। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। हालांकि भोपाल ले जाते समय भेरुदा के पास रास्ते में उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक ने दो शादियां की थीं। उसकी पहली पत्नी किन्हीं कारणों से उसे छोड़कर चली गई थी। दूसरी शादी से उसे दो साल की एक बेटी है और उसकी पत्नी गर्भवती है। पत्नी पिछले दो महीने से आराम करने के लिए अपने मायके में रह रही थी। घटना के समय घर में केवल जितेंद्र और उसकी मां मौजूद थे।

### आगजनी में 25 एकड़ में फसल जलकर खाक

#### दमकल और ट्रैक्टर की मदद से आग पर पाया काबू



**अनोखा तीर, हरदा।** खिरकिया के ग्राम कुड़ावा में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई, जिसकी वजह से दो किसानों भाइयों की गेहूं की खड़ी फसल जलकर बर्बाद हो गई। इस आग ने करीब 20 से 25 एकड़ के खेत को अपनी चपेट में ले लिया। खेत में आग की लपटें उठती देख गांव के लोग और किसान तुरंत वहां पहुंचे। उन्होंने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश शुरू की। खिरकिया से दमकल की दो गाड़ियां भी मौके पर बुलाई गईं। गांव वालों ने अपने ट्रैक्टर, रोटावेटर



और पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाने में काफी मदद की। इस हादसे में किसान जय राजपूत और अजय राजपूत की फसल पूरी तरह राख हो गई है। पटवारी ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि गेहूं के साथ-साथ सिंचाई के लिए रखे पाइप भी जल गए हैं। आग किस वजह से लगी, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। घटना के बाद पटवारी ने मौके पर पहुंचकर हुए नुकसान का जायजा लिया और पंचनामा तैयार किया है, ताकि प्रभावित किसानों को आगे की मदद मिल सके।

### मप्र, लेखक संघ की मासिक साहित्य गोष्ठी व होली मिलन समारोह 22 मार्च को

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश लेखक संघ जिला इकाई हरदा की मासिक साहित्य गोष्ठी एवं होली मिलन समारोह का आयोजन 22 मार्च रविवार दोपहर 3 बजे रेलवे स्टेशन रोड स्थित वरिष्ठ संरक्षक गौरीशंकर मुकाती के कार्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक-द्वय साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. प्रभुशंकर शुक्ल तथा वरिष्ठ समाजसेवी एवं साहित्यप्रेमी नार्मदीय गौरव अशोक नेगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संस्था के आजीवन सदस्य एवं मार्गदर्शक एडवोकेट डॉ. शिरीष अग्रवाल, जिन्हें हाल ही में प्रतिष्ठित इंडिया बुक रिकॉर्ड्स द्वारा आईबीआर अचीवर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, का सम्मान भी किया जाएगा। यह जानकारी मध्य प्रदेश लेखक संघ हरदा इकाई के अध्यक्ष सुभाष सिटोके ने दी।

## प्राइवेट स्कूल संचालकों ने मनाया होली मिलन समारोह



**अनोखा तीर, हरदा।** सोसाइटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स जिला हरदा द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन पिनेकल स्कूल हरदा में किया गया। कार्यक्रम में हरदा, खिरकिया, टिमरनी, सिराली, रहटगांव, हंडिया और चारुवा क्षेत्र के निजी विद्यालयों के संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन संगठन के संस्थापक दीपक सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष नवीन पांडे, महासचिव नितिन नेगी तथा गिरीश सिंहल ने किया। इसके बाद उपस्थित संचालकों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए संगठन की एकता और मजबूती पर चर्चा की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए संचालकों ने अपने विचार रखे। खिरकिया से जय सिंह राजपूत और बृजेश राज्यवैद्य, टिमरनी से अंकुश अग्रवाल और शैलेंद्र राजपूत, सिराली से सचिन अग्रवाल तथा हरदा से नरेंद्र सिंह तोमर, संकल्प जैन सहित अन्य साथियों ने निजी विद्यालयों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष नवीन पांडे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक दीपक सिंह राजपूत ने संगठन की आवश्यकता और उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संगठन का विस्तार जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक हुआ है और कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फीस से संबंधित नियमों में संशोधन करवाने के लिए संगठन ने विधानसभा स्तर तक प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप 25000 तक की फीस वाले स्कूलों को ऑनलाइन पोर्टल पर फीस दर्ज कराने से छूट देने का संशोधन राजपत्र में विधानसभा के पटल पर कराया गया। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन शीघ्र ही सरकार के साथ बैठक कर आरटीई के अंतर्गत मिलने वाली फीस में वृद्धि की मांग करेगा। वर्तमान में आरटीई के तहत प्रति विद्यार्थी लगभग 5 से 6 हजार रुपये मिलते हैं, जिसे अन्य राज्यों की तरह लगभग 25 हजार रुपये तक किए जाने की मांग संगठन करेगा। दीपक सिंह राजपूत ने कहा कि जहां एक ओर शासन द्वारा सरकारी विद्यालयों में प्रति विद्यार्थी शिक्षा पर लगभग 40 से 50 हजार रुपये तक खर्च किया जाता है, वहीं निजी विद्यालय औसतन लगभग 15 हजार रुपये फीस में ही विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन को स्पष्ट रूप से यह जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए कि एक विद्यार्थी पर वास्तविक खर्च कितना आता है, ताकि समाज को भी यह समझ में आ सके कि निजी विद्यालय कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। जिला अध्यक्ष नवीन पांडे ने बताया कि संगठन द्वारा शीघ्र ही जिले के सभी विकासखंडों में नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि संचालकों की समस्याओं पर सामूहिक रूप से चर्चा कर समाधान निकाला जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि अगला दिवाली मिलन समारोह हरदा स्कूल ऑफ एजुकेशन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी विद्यालय संचालकों एवं उपस्थित पत्रकार साथियों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। अंत में पिनेकल स्कूल के संचालक अब्दुल सईद खान ने सभी अतिथियों, संचालकों और पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

## रासेयो के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के स्वयंसेवकों की सहभागिता



**अनोखा तीर, हरदा।** 8 मार्च से 14 मार्च तक राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन चित्रकूट, जिला सतना में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के संगठन व्यवस्था द्वारा किया गया। इसमें मध्यप्रदेश के 7 विश्वविद्यालयों से 625 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से 8 जिलों की सहभागिता रही, जिसमें हरदा से 07 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस हरदा से अंकिता गायकवाड़, हरदा डिग्री कॉलेज हरदा से श्रेया पाटनकर और आभास व्यास, एल.बी.एस कॉलेज हरदा से अनुराग आठनेरे, हरदा आदर्श महाविद्यालय से लक्की ओसवाल, शासकीय महाविद्यालय टिमरनी से कृष्णिका अग्रवाल और ललित राज ने राज्य स्तर पर हरदा जिले का प्रतिनिधित्व किया। राज्य स्तरीय शिविर में सहभागिता कर लौटे शिविरार्थियों का स्वागत जिला संगठक डॉ. अरुण सिकरवार एवं हरदा जिले के समस्त कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र सिंह परिहार, मनोरमा चौहान, सुमित काशिव, हर्षा जायसवाल, सुमित शर्मा, मनीषा चौहान, डॉ. आशा गायकवाड़ एवं तपिष सोलंकी द्वारा फूलमाला और बैंड-बाजे के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन (रासेयो) डॉ. अरुण कुमार सिकरवार ने बताया कि महाविद्यालय स्तरीय शिविर में सहभागिता करने के पश्चात स्वयंसेवकों को जिला स्तरीय तथा राज्य स्तरीय शिविर में जाने का अवसर प्राप्त होता है।

## अन्नदाताओं का शोषण नहीं होने देंगे : मोहन सांई





**अनोखा तीर, हरदा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय और शोषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव किस खुशी में किसान सम्मेलन कर रहे हैं, जबकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को न तो गेहूं के उचित दाम मिल रहे हैं और न ही सोयाबीन के। किसानों से मक्का 2400 रुपए प्रति क्विंटल की जगह लगभग 800 रुपए प्रति क्विंटल के भाव में खरीदी जा रही है। चने का भी उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जबकि सरसों की खरीदी समर्थन मूल्य पर नहीं की जा रही है। साथ ही किसानों की कर्ज माफी भी रोक दी गई है। कांग्रेस द्वारा 18 मार्च को प्रस्तावित किसान अधिकार आंदोलन के लिए पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें अपने अधिकारों के लिए आंदोलन में शामिल होने का आह्वान कर रहे हैं। इसी क्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई और सोनतलाई ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र बिश्नोई ने जिले के विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों से संपर्क कर उन्हें जिम्मेदारी के साथ अधिक से अधिक किसानों को आंदोलन में शामिल करने का आह्वान किया। ब्लॉक अध्यक्षों को किसानों की जायज मांगों से संबंधित मांग पत्र भी सौंपे गए। मोहन सांई ने कहा कि आंदोलन के लिए अभी दो दिन का समय है और इस दौरान जिले के प्रत्येक गांव में पहुंचकर किसानों को जागरूक किया जाएगा, ताकि मुख्यमंत्री के किसान सम्मेलन का विरोध करते हुए कांग्रेस द्वारा किए जा रहे किसान अधिकार आंदोलन में अधिक से अधिक किसान शामिल हो सकें। इस दौरान मोहन सांई ने खिरकिया, करताना, कुहीग्वाड़ी, सोडलपुर, धनगांव, रहटगांव, मगरधा, मुरलिखेड़ा, बंदीमुहाड़िया, सिराली, आमासेल, जटपुरा सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण कर किसानों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की।

## शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित

### पूर्वजों की स्मृति में महिला समाजसेवियों का किया सम्मान




**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हरदा जिला इकाई के तत्वावधान में हरदा में जन्मे गणमान्य जनों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में इस वर्ष से अनूठी पहल करते हुए महिला समाजसेवियों का सम्मान किया। गार्गव परिवार ने अपनी दादी, गांधीवादी समाजसेवी स्व. गोदावरी बाई गार्गव की स्मृति में तथा भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व महाप्रबंधक आज़ाद जैन ने अपनी माता स्वर्गीय सुशीला जैन (पूर्व प्राचार्य) की स्मृति में महिला समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रतिवर्ष सम्मानित करने की शुरुआत की है। इस वर्ष यह सम्मान श्रीमती उषा गोयल तथा आदिवासी क्षेत्र राजा बरारी में सेवारत डॉक्टर अकेल्ला साबित्री रागिनी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष रानी जैन ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी श्रीमती आभा अग्रवाल और जिला जेल अधीक्षक मनीषा यादव उपस्थित रहीं। किसान भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित महिलाओं को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आभा अग्रवाल ने कहा कि पिछड़े क्षेत्रों में अशिक्षित महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है और यह हम सभी का प्रमुख दायित्व है। बदलते दौर में महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता और क्षमता सिद्ध की है। जेल अधीक्षक डॉ. मनीषा यादव ने कहा कि यह समय चुनौतियों का है और हमें अधिकारों और कर्तव्यों के बीच स्वयं को स्थापित करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रानी अजमेरा ने कहा कि हरदा में जन्मे इन दोनों परिवारों ने नगर में बहुत ही अनूठी पहल की है। यह पहल हम सभी के लिए प्रेरणा और सक्रियता प्रदान करती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन अंजु भायरे ने किया तथा आभार पूर्व प्राचार्य सिंधु कोटवाला ने माना। इस अवसर पर डॉ. नारायण गार्गव, सुनील बागरे, मुकेश गार्गव, राजीव बाहेती, ओमनारायण शुक्ला, एल.एन. पाराशर, राजेंद्र जैन, सुनील सिटोके, महेंद्र अजमेरा, अशोक नेगी, उमेश शर्मा, स्वाति जोशी, अनूप जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम




**अनोखा तीर, हरदा।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर रविवार, 15 मार्च को कृषि मंडी के बलराम हॉल में जिला प्रशासन, खाद्य विभाग और नापतोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राहक संरक्षण एवं उपभोक्ता अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित मातृशक्ति का सम्मान भी किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने शोषणमुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर जागरूकता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में जौहरी कमल सोनी ने प्रमुख वक्ता के रूप में सराफा ठगी से बचाव, ग्राहक संरक्षण तथा उपभोक्ता अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, विभिन्न समाजों के प्रमुख, पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही। इस दौरान गुर्जर समाज जिला हरदा के जिलाध्यक्ष डॉक्टर दुगाया, नर्मदीय ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष अशोक पाराशर, गौर समाज के जिलाध्यक्ष नर्मदाप्रसाद गौर, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष मदनलाल सोनी, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला अध्यक्ष कमल सोनी, समाज सेविका सुरेंद्र कौर, खाद्य विभाग की अधिकारी अमृता भट्ट, अधिकारी भदौरिया, अधिकारी प्रशांत, नापतोल विभाग से कांबले, खाद्य विभाग से कुशवाह और संदीप विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य वरिष्ठजनों में एलएन पाराशर, सुरेश विधानी, रामबक्स सगर, चंद्रगोपाल सोनी (खलीफा), जय नारायण गौर, मोहनलाल सोनी, गंगराड़े, विनोद चौहान, अशोक मांझी, रितेश भावसार, वासुदेव, जगदीश पाटिल, अरविंद जोशी (पोस्ट ऑफिस), विनोद चौरे, निशांत राजपूत, ओमप्रकाश जाट, नितिन राजवैध, अमित व्यास (पोस्ट ऑफिस), भवानी, शरद जाट, जयप्रकाश सोनी (प्राचार्य), ऋषि, प्रवीण गुर्जर, गोविंद, बसंत घाघरे, योगेश शकरगाये तथा कैलाश सोनी टिमरनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## आज मनेगा विधायक डॉ. दोगने का जन्मदिवस

**अनोखा तीर, हरदा।** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने का जन्मदिवस आज 16 मार्च सोमवार को प्रातः 11 बजे उनके निज निवास हरदा पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान समस्त कांग्रेसजन व समर्थकों द्वारा मिलकर मनाया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने को



जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी जाएंगी। कार्यक्रम में जिले के समस्त कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। डॉ. आरके दोगने मित्र मंडल द्वारा समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत के लिए चुनौतियाँ और अवसर



प्रवीण कक्कड़

दुनिया का इतिहास गवाह है कि हर बड़ा संकट केवल भय और अस्थिरता ही नहीं लाता, बल्कि अपने साथ संभावनाओं के नए द्वार भी खोलता है। आज पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। तेल की तपिश से लेकर शेयर बाजार की हलचल तक, हर तरफ अनिश्चितता का धुआं दिखाई दे रहा है, लेकिन एक सजग हिंदुस्तानी के लिए यह समय केवल चिंतित होने का नहीं, बल्कि अपनी रणनीति को नया रूप देने और आत्मनिर्भरता को और मजबूत करने का है। यदि हम स्थिति को व्यापक दृष्टि से देखें, तो यह दौर हमें आर्थिक अनुशासन, स्वदेशी मजबूती और दीर्घकालिक सोच की ओर प्रेरित करता है। वैश्विक अस्थिरता का असर सबसे पहले हमारी अर्थव्यवस्था और हमारी जेब पर दिखाई देता है। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी केवल पेट्रोल और डीजल तक सीमित नहीं रहती। इससे परिवहन महंगा होता है, उत्पादन लागत बढ़ती है और महंगाई की एक पूरी श्रृंखला शुरू हो जाती है। इसी तरह जब दुनिया में तनाव बढ़ता है तो विदेशी निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर बढ़ते हैं। अक्सर वे शेयर बाजार से पैसा निकालकर सोने या डॉलर जैसे सुरक्षित निवेश में लगाते हैं, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ जाता है। खाड़ी क्षेत्र के समुद्री मार्ग वैश्विक व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यहां तनाव बढ़ने का अर्थ है जहाजों का बीमा महंगा होना और माल ढुलाई की लागत बढ़ना। इसका असर इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और कई आयातित वस्तुओं की कीमतों पर पड़ता है। वैश्विक संकट के समय मेटल, ऑइल और डॉलर मजबूत हो जाता है, जिससे भारतीय रुपया दबाव में आ जाता है। कमजोर रुपया आयात को महंगा बनाता है और विदेश यात्रा या शिक्षा जैसे खर्चों को भी बढ़ा देता है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय काम करते हैं और भारत को हर साल अरबों डॉलर का रेमिटेंस भेजते हैं। वहां अस्थिरता बढ़ने पर उनके रोजगार और सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। जहाँ दुनिया इस समय असमंजस में है, वहीं भारत के लिए इस स्थिति में कई अवसर भी छिपे हुए हैं। जब अंतरराष्ट्रीय यात्राएं महंगी या अनिश्चित हो जाती हैं, तो लोग अपने ही देश की ओर रुख करते हैं। पचमढ़ी की हरियाली, लेह-लद्दाख की शांति, केरल के बैकवॉटर्स या उत्तराखंड की वादियों में भारत के पास पर्यटन के अनगिनत विकल्प हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था, होटल उद्योग, हस्तशिल्प और गाइड जैसे छोटे व्यवसायों को नई ऊर्जा मिल सकती है। वैश्विक सप्लाई चेन में बाधा आने से देशों को स्थानीय उत्पादन पर अधिक ध्यान देना पड़ता है। भारत के लिए यह मौका है कि वह अपने एफएमसीजी, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा उद्योग को और मजबूत बनाए। तेल की बढ़ती कीमतें हमें यह याद दिलाती हैं कि भविष्य वैकल्पिक ऊर्जा का है। सौर ऊर्जा, हरित तकनीक और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि आर्थिक मजबूती की आवश्यकता बन चुका है। वैश्विक तनाव के दौर में कई देश अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की कोशिश करते हैं। ऐसे समय में भारत का उभरता रक्षा उत्पादन क्षेत्र और मेक इन इंडिया पहल नए अवसर प्राप्त कर सकती है। संकट के दौर में केवल सरकार ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों को भी आर्थिक समझदारी दिखानी होती है। सबसे पहले हर परिवार के पास कम से कम छह महीने के खर्च के बराबर एक इमरजेंसी फंड होना चाहिए। अनिश्चित समय में यही सबसे बड़ा सहारा बनता है। इसके साथ ही अनावश्यक खर्चों से बचना भी जरूरी है।ऑनलाइन सेल और विज्ञापनों के दौर में गैर-जरूरी खरीदारी से दूरी बनाना भी आर्थिक अनुशासन का हिस्सा है। निवेश के मामले में भी घबराहट से बचना चाहिए। युद्ध या तनाव के समय सोने-चांदी की कीमतें बढ़ती हैं, लेकिन केवल डर के कारण निवेश करना समझदारी नहीं है। संतुलित निवेश और सोच-समझकर वित्तीय निर्णय लेना ही सुरक्षित रणनीति है। इन चुनौतियों के बीच भारत की कई मजबूत आधारशिलाएं हमें भरोसा देती हैं। भारत के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है, जो आर्थिक झटकों को संभालने में मदद करता है। खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत आज दुनिया के सबसे मजबूत देशों में से एक है। कृषि उत्पादन और अनाज भंडारण की क्षमता हमें वैश्विक संकट के बावजूद सुरक्षित बनाए रखती है। भारत की संतुलित कूटनीति भी उसकी बड़ी ताकत है। पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध ऊर्जा आपूर्ति और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से अपने घरेलू बाजार पर आधारित होती जा रही है। 140 करोड़ की आबादी वाला विशाल उपभोक्ता बाजार बाहरी आर्थिक झटकों को काफी हद तक संतुलित करने की क्षमता रखता है। इतिहास बताता है कि वही राष्ट्र आगे बढ़ते हैं जो संकट के समय घबराते नहीं, बल्कि नई दिशा खोजते हैं। आज का समय हमें आर्थिक अनुशासन, स्वदेशी मजबूती और दूरदर्शी सोच अपनाने की प्रेरणा देता है। जब दुनिया अनिश्चितता से जूझ रही है, तब भारत के सामने एक अनूठा अवसर है,संकट को रणनीति में बदलने का। यह केवल वैश्विक तनाव का दौर नहीं है, बल्कि यह भारत की नई आर्थिक चेतना और उभरती शक्ति का संकेत भी है।

# देश-प्रदेश के मुखिया की लाड़ली बहना का ऊर्जा संकट के समय में राष्ट्रहित में अनुशासनात्मक सख्त रवैया

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के नाम एक पति का व्यंग्यात्मक पत्र



सुशील कुमार जैन
लेखक एवं स्तंभकार

प्रिय राष्ट्रपति महोदय,

सप्रेम नमस्कार।

सच बताऊं तो पहली बार पता नहीं कहां से साहस जुटाकर अपनी पत्नी से छुपकर रातों रात आपको यह पत्र लिख रहा हूं......

आशा है कि आप विश्व की राजनीति और अर्थव्यवस्था के बड़े-बड़े संकटों को संभालते हुए कुशलपूर्वक होंगे। इधर मैं भी ठीक ही हूं, बस अंतर इतना है कि मेरे घर में पिछले कुछ दिनों से जो अनुशासन लागू हुआ है, उसे देखकर लगता है कि मैं किसी सामान्य घर में नहीं बल्कि ऊर्जा संरक्षण आश्रम में रह रहा हूं। और इस महान अभियान की मुख्य संचालिका हैं आपकी प्रिय बहन, अर्थात मेरी धर्मपत्नी।

दरअसल आपकी यह छोटी बहन यहां हमारे प्रदेश के मुखिया की भी बड़ी लाड़ली बहना बन चुकी है। यहां एक योजना भी चल रही है- लाड़ली बहना योजना। इसलिए स्थिति यह हो गई है कि घर में भी उनकी बात अंतिम आदेश की तरह मानी जाती है और बाहर भी उनके विचारों का मान-सम्मान कम नहीं है।

अब आप ही बताइए, जब किसी की बहन प्रदेश के मुखिया की भी लाड़ली हो जाए तो बेचारे पति की आवाज कौन सुनेगा। हम यहां अपनी कोई बात खुलकर कह भी नहीं पाते।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि यदि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री जी को भी आपकी बहन के विचार पसंद आ जाएं, तो संभव है कि वे अपने प्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात में भी उनका नाम ले लें।

परंतु हमने तो अपनी मन की बात सीधे आपसे कह दी है। अब आप ही हमें समझ लीजिए और हमारे इस साधारण पति-हृदय का दर्द भी समझ लीजिए।

अब जरा मेरी आर्थिक स्थिति भी सुन लीजिए। मैंने पिछले वर्ष बड़ी उम्मीदों के साथ जो भी शेयर खरीदे थे, वे इस समय अपने एक वर्ष के सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुके हैं।

अब तो हालत यह है कि ऊर्जा क्षेत्र के शेयर हों, तकनीकी क्षेत्र के हों या आधारभूत ढांचे से जुड़े शेयर- सभी मानो एक साथ धरती पर आ गिरे हों। ऐसा प्रतीत होता है जैसे पूरा शेयर बाजार अचानक धराशायी हो गया हो।

इसलिए एक छोटा-सा निवेदन है। जब भी आप कोई बड़ा बयान देने वाले हों या कोई नई नीति की घोषणा करने वाले हों, तो कृपया एक दिन पहले अपनी प्यारी और मासूम बहन को संकेत अवश्य दे दिया करें, ताकि हम भी समय रहते शेयर बाजार से थोड़ा-बहुत लाभ निकाल सकें और दो-चार पैसों की व्यवस्था कर सकें।

इधर शेयर बाजार नीचे जा रहा है और उधर घर में अनुशासन का स्तर लगातार ऊपर जा रहा है। साथ ही आपकी बहन की ज्वेलरी का मूल्य भी दुगना-तीगुना हो गया है। अब तो वह मुझे भी फाइनेंस करने की स्थिति में है, लेकिन बिना जमानत के हमें कुछ भी मिलने वाला नहीं है।

घर में बिजली बचत का ऐसा अभियान चल रहा है कि पंखा भी अब दिन में केवल दोपहर बारह बजे से शाम पांच बजे तक ही चलने की अनुमति पाता है। बाकी समय हमें प्रकृति की हवा और अपने धैर्य का सहारा लेना पड़ता है। पंखे की चाल भी इतनी धीमी रहती है कि उसे देखकर लगता है जैसे वह भी ऊर्जा बचत आंदोलन का सक्रिय सदस्य बन चुका हो।

मोबाइल को भी अब राष्ट्रीय संसाधन का दर्जा मिल गया है। नियम यह है कि चौबीस घंटे में केवल एक बार ही उसे चार्ज किया जा सकता है। यदि किसी ने उत्साह में अधिक उपयोग कर लिया और बैटरी जल्दी समाप्त हो गई, तो शेष दिन मोबाइल भी उपवास करता है और उसका स्वामी भी।

टेलीविजन देखने का भी नया नियम लागू हो गया है। समाचार के समय ही टीवी चालू होगा। यदि किसी ने मनोरंजन कार्यक्रम देखने की इच्छा प्रकट कर दी, तो तुरंत यह समझाया जाता है कि देश संकट के दौर से गुजर रहा है और आपको अभी भी मनोरंजन की चिंता है।

घर में दीपक या बिजली का बल्ब जलाने से पहले भी अनुमति लेनी पड़ती है। अक्सर प्रश्न पूछा जाता है कि क्या वास्तव में इतनी रोशनी आवश्यक है या चांदनी में भी काम चल सकता है।

फ्रिज को भी अब अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा चुका है। आदेश है कि उसे बार-बार खोलना ऊर्जा का अपव्यय माना जाएगा। इसलिए एक बार खोलो तो सारी वस्तुएं निकाल लो, अन्यथा अगली बार अनुमति कुछ समय बाद ही मिलेगी।

भोजन व्यवस्था का भी नया अध्याय प्रारंभ हो गया है। अब हमारे भोजन में भरपेट कच्चा सलाद और अंकुरित अनाज मिलते हैं। रोटी केवल एक समय और दलिया दोनों समय।

जब हमने इस विषय पर अपनी आवाज उठाने की कोशिश की, तो आपकी बहन ने तुरंत कहा- क्या आपने सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं सुना? वहां की कैंटीन में भी अब केवल सैंडविच ही मिल रहा है।

गर्मी में स्नान का नियम भी अत्यंत अनुशासित है। दिन में केवल एक बार स्नान और जल का उपयोग भी अत्यंत सीमित है। कई बार तो लगता है कि पानी की हर बूंद का हिसाब रखा जा रहा है।

**गाड़ी की चाबी तो मानो जब्त कर ली गई हो। घर का नया यातायात नियम इस प्रकार है-**

एक से दो किलोमीटर की दूरी पैदल,

तीन किलोमीटर की दूरी साइकिल,

और पांच किलोमीटर से अधिक दूरी पर ही मोटरसाइकिल।

इस नियम का एक रोचक परिणाम भी सामने आया है। जो व्यक्ति कभी पैंट-कोट में सजे हुए एक सभ्य नागरिक के रूप में दिखाई देता था, वही अब हवाई चप्पल पहनकर साइकिल पर आवारा मजनू की तरह गलियों में घूमता हुआ पाया जाता है।

रात को पूरा परिवार खुली छत पर सोता है। आकाश में चमकते तारों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे हम किसी आध्यात्मिक साधना शिविर में रह रहे हों।

घर से बाहर निकलो तो लोग भी बड़ी रोचक बातें करते मिलते हैं। कोई पूछता है- जैन साहब, सुना है आपने गैस की टंकी भरवाकर सुरक्षित रखी है। दूसरा व्यक्ति सलाह देता है- भाई, उसे संभालकर रखना, क्योंकि कब किसे आवश्यकता पड़ जाए, यह कहना कठिन है।

जब भी मैं अपने देश के माननीय प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं, तब आपके लिए और उत्तर कोरिया के किम जोंग उन. के लिए भी सदबुद्धि की कामना अवश्य कर देता हूं।

क्योंकि आपकी मिसाइलों से भले ही आपके शत्रु भयभीत होते हों, पर यहां उनके प्रभाव से घर के भीतर अनुशासन इतना बढ़ गया है कि जीवन थोड़ा कठिन अवश्य हो गया है।

ऊर्जा संरक्षण अनुशासन के कारण आपकी मासूम बहन अब न स्वयं कहीं घूमने जाती है और न हमें जाने देती है। न खुलकर खाने देती है, न खुलकर पहनने देती है। कुल मिलाकर जीवन अत्यंत संयमित हो गया है।



और अंत में एक बात और कहना चाहता हूं। सुना है कि आपको नोबेल शांति पुरस्कार पाने की भी बड़ी इच्छा है। तो उसकी चिंता मत कीजिए। यदि आप सचमुच दुनिया में थोड़ा शांति का वातावरण बना दें, तो मैं अपनी ओर से वह पुरस्कार आपको ही नहीं, आपकी बहन को भी देने के लिए तैयार हूँ।

बस दुनिया में थोड़ा-सा सुकून और शांति बनाए रखिए, ताकि हम जैसे साधारण पतियों का जीवन भी थोड़ा सरल और सुगम हो सके।

और हां, अब गर्मी की छुट्टियां भी आ चुकी हैं। यदि आपको उचित लगे तो कुछ दिनों के लिए अपनी इस अनुशासनप्रिय बहन को अपने पास बुला लीजिए। इससे उन्हें भी अंतरराष्ट्रीय वातावरण देखने का अवसर मिल जाएगा और हमें भी कुछ दिनों के लिए इस कठोर घरेलू अनुशासन से थोड़ी राहत मिल जाएगी।

आपका ही

एक अनुशासित और थोड़ा-सा प्रताड़ित भारतीय पति

अचानक मेरी धर्मपत्नी आई और चुल्लू भर पानी मेरे मुंह पर डालते हुए बोलीं-

सुबह हो गई है, उठो और पानी भर लो। अब यह हवा में हाथ चलाना बंद करो। रात भर से यही कर रहे हो।

तभी मेरी आंख खुली।

मैं तो यह प्रार्थना-पत्र पोस्ट करने ही वाला था कि पत्नी ने मुझे गहरी नींद से जगा दिया।

सच कहूं तो अगर धर्मपत्नी दो मिनट और न जगातीं, तो कम से कम यह पत्र पोस्ट तो हो ही जाता।

व्यंग्य

# अविश्वास है, तो है ...



-सुधाकर आशावादी

**फोटो-04**

मुझे अविश्वास प्रस्ताव लाना है।

मुझे नहीं हमें कहो, तुम अकेले अविश्वास प्रस्ताव नहीं ला सकते, पर अविश्वास प्रस्ताव लाना क्यों है ?

हैड मास्टर मुझे क्लास में बोलने नहीं देता।

क्यों बोलने नहीं देता ?

मुझे क्या पता, क्यों नहीं बोलने देता, मैं कुछ भी बोलता हूँ, तो कहता है, कि विषय पर बोलो।

क्या तुम विषय पर नहीं बोलते ?

मैं अपने हिसाब से अपने विषय पर बोलता हूँ। कभी बोलता हूँ, कभी नहीं भी बोलता।

हैड मास्टर सही तो बोलता है, विषय पर बोलोगे, तो बोलने देगा।

मैं कुछ नहीं जानता, मैं इतना जानता हूँ, कि मैं ही विषय पर बोलता हूँ, मेरे अलावा कोई ऐसे विषय पर नहीं बोलता, जैसे विषय पर मैं बोलता हूँ।

कोई तो कारण होगा, जो तुम्हें बोलने से रोका जाता है ?

यह तो वही जाने, अब मुझे उसके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाना है।

अविश्वास प्रस्ताव में क्या कहेंगे ?

यही, कि हेडमास्टर भेदभाव करता है। अपने चहेते बालकों को बोलने की परमीशन देता है ,जब भी मैं बोलने के लिए खड़ा होता हूँ, तो रोक टोक करता है।

कोई तो कारण होगा ?

मैं इतिहास की क्लास में खड़े होकर जब जूडो कराटे के दांव समझाता हूँ, तो वह कहता है विषय पर बोलो।

सही तो कहता है, विषय पर बोलो, जब विषय से भटक कर उटपटांग बेसिर पैर की बातें करोगे तो वह विषय पर बोलने के लिए कहेगा ही।

मैं विषय पर ही तो बोलता हूँ।

क्लास के विषय पर या अपने विषय पर।

अपने मनमाफिक विषय पर, जो मैं बोलना चाहता हूँ, बोलता हूँ।

क्लास के विषय पर बोलना चाहिए।

मेरी मर्जी, मैं किसी भी विषय पर बोलूं। जो विषय मेरी समझ में आएगा, उसी पर तो बोलूंगा।

कोई बात नहीं, पर इसमें अविश्वास की बात कहाँ से आ गई ?

मुझे ऐसा मास्टर नहीं चाहिए, जो मुझे बोलने से रोके, मेरे मुँह पर टेप चिपकाने की कोशिश करें। आखिर मैं स्वतंत्र देश का स्वतंत्र नागरिक हूँ। मुझे अपने मन की बात करने का पूरा अधिकार है।

यह तो बताओ, कि अविश्वास प्रस्ताव लाने से हासिल क्या होगा ?

अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे, हेडमास्टर को हटाएंगे।

क्या तुम्हें विश्वास है, कि तुम हेडमास्टर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को पास करा पाओगे ? अपने साथियों का इतना समर्थन जुटा पाओगे, कि हेडमास्टर को हटाया जा सके।

मुझे पास फेल से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं बार बार फेल होता हूँ, फिर भी हिम्मत नहीं हारता।

तुम हिम्मत नहीं हारते, मगर तुम्हारा साथ निभाने वालों की तो बेइज्जती होती है।

होती रहे, मुझे क्या, मुझे तो अविश्वास प्रस्ताव लाना है, हेडमास्टर को सबक सिखाना है।

यदि अविश्वास प्रस्ताव फेल हो गया, तब किस मुँह से हेडमास्टर के सम्मुख जाओगे ?

इसी मुँह से जिससे हर बार जाता हूँ ।

अपनी नहीं तो अपने साथियों की इज्जत का तो ध्यान रखो ।

इज्जत बेइज्जत से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

लगता है कि तुम नहीं सुधरोगे।

यह सुधरना किस चिड़िया का नाम है ?

तुम्हारे लिए किसी चिड़िया का नहीं। जाओ विदेश घूम आओ, मौज मस्ती सैर सपाटा कर आओ, बाकी हम हैं न, तुम्हारी हर सनक का बचाव करने ले लिए।

# पश्चिम एशिया का संकट- भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए कितनी बड़ी चुनौती?

(जयदेव राठी)

खाड़ी क्षेत्र से दुनिया के अनेक देशों को कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति होती है। इस क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले किसी भी संघर्ष का सीधा प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे अधिक चिंता समुद्री मार्गों को लेकर है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले अधिकांश तेल टैंकर महत्त्वपूर्ण समुद्री रास्तों से होकर गुजरते हैं।

अगर युद्ध के कारण इन मार्गों पर अवरोध उत्पन्न होता है, तो तेल की आपूर्ति में गंभीर बाधा आ सकती है। साथ ही जहाजों की सुरक्षा, बीमा लागत और परिवहन खर्च भी बढ़ जाता है, जिसका प्रभाव आखिर तेल की कीमतों पर दिखाई देता है। भारत की ऊर्जा संरचना को देखें, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था अभी भी बड़े पैमाने पर आयातित तेल और गैस पर निर्भर है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल जरूरत का लगभग अस्सी फीसद से अधिक आयात करता है।

इनमें से एक बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व के देशों से आता है। यही कारण है कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ते ही भारत में ऊर्जा बाजार को लेकर चिंता बढ़ जाती है। अगर युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति बाधित होती है या कीमतों में तेज वृद्धि होती है तो इसका प्रभाव सीधे भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका व्यापक आर्थिक प्रभाव होता है। परिवहन महंगा होने से वस्तुओं की ढुलाई की लागत बढ़ती है, जिससे बाजार में कई वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं।

कृषि क्षेत्र भी इससे प्रभावित होता है, क्योंकि खेती से जुड़े कई उपकरण और परिवहन व्यवस्थाएं पेट्रोलियम उत्पादों पर आधारित हैं। इसी तरह, उद्योगों में उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिससे उत्पादों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ने की संभावना बनती है और आम लोगों की क्रय शक्ति पर असर पड़ता है। प्राकृतिक गैस की स्थिति भी भारत के लिए उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। देश के कई उर्वरक संयंत्र, बिजली उत्पादन इकाइयां और औद्योगिक इकाइयां गैस पर निर्भर हैं।

भारत अपनी गैस जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है और इसका बड़ा भाग भी मध्य-पूर्व से आता है। अगर युद्ध के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उर्वरक और बिजली उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। इससे कृषि और उद्योग, दोनों क्षेत्रों पर दबाव बढ़ सकता है। ऊर्जा संकट का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि यह केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती भी है। ऊर्जा संसाधनों की कमी या कीमतों में अत्यधिक वृद्धि से किसी भी देश की विकास गति प्रभावित हो सकती है।

भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देश के लिए ऊर्जा की निरंतर उपलब्धता बेहद जरूरी है। अगर तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो इससे देश का आयात खर्च बढ़ने के साथ-साथ व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसका असर मुद्रा विनिमय दर और वित्तीय संतुलन पर भी पड़ेगा। इन चुनौतियों को देखते हुए भारत सरकार के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनाए।

सबसे पहले सरकार को विभिन्न देशों से तेल और गैस की खरीद के विकल्पों को मजबूत करना होगा, ताकि किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम की जा सके। इसके साथ ही रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का उपयोग भी संकट के समय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक तेल भंडार तैयार किए हैं, जिनका उद्देश्य आपात स्थिति में देश की ऊर्जा जरूरतों को कुछ समय तक पूरा करना है। हालांकि केवल भंडार बनाना ही पर्याप्त नहीं है।

# सवालों के घेरे में नीतीश कुमार की विदाई

(उमेश चतुर्वेदी )

बीच में जीतन राम मांझी को नौ महीने के लिए सत्ता सौंपकर संन्यासी और बीतरागी जैसा दिखने की कोशिश उन्होंने जरूर की, लेकिन वह सिर्फ दिखावा था। सत्ता का असल सूत्र उनके ही हाथ था। जब लगा कि मांझी उस सूत्र को काट कर स्वाधीन पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उस धागे को काट सत्ता खुद थाम ली थी। नीतीश सत्ता को इतनी आसानी से छोड़ देंगे, इस पर आसानी से भरोसा ना करने की वजह उनका अतीत रहा है। कभी जीन विवाद तो कभी किसी दूसरी वजह से उन्होंने अपनी पुरानी सहयोगी बीजेपी को छोड़ उस लालू का हाथ दो-दो बार थाम लिया, जिनके विरोध की बुनियाद पर ही उनकी राजनीति परवान चढ़ी। फिर जब उन्हें लगा कि लालू का साथ उनकी सियासी नैया को डुबो देगा तो फिर बीजेपी की ओर लौटने में भी उन्होंने देर नहीं लगाई। यह सियासी आवाजाही हर हाल में सत्ता पर पकड़ बनाए रखने की उनकी चाहत का ही प्रतीक लगती है। इसी वजह से उनकी विदाई को सहजता से स्वीकार करना कठिन हो रहा है।

राजनीति का एक चरित्र है। अपने कदमों को लिए वह जिन कारणों को गिनाती है, हकीकत में वे कारण होते ही नहीं। नीतीश ने भी कहा है कि वे चाहते थे कि संसद के दोनों सदनों और विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य बनें। विधानमंडल और लोकसभा के वे सदस्य रह लिए हैं, लेकिन राज्य सभा के वे सदस्य कभी रहे नहीं। इसलिए वे बिहार की राजनीति छोड़ राज्यसभा का सदस्य बनने जा रहे हैं। हो सकता है कि नीतीश की यह चाहत रही हो, लेकिन उनके बिहार को छोड़ने के पीछे का यह सच अधूरा है। विगत दो साल में नीतीश कुमार की जुबान कई बार फिसली है। उनकी हरकतें भी कई बार हास्यास्पद रही हैं। नीतीश की छवि ऐसे गंभीर शख्सियत की रही है, जो नाप-तोलकर बोलता है। इसी छवि ने गाहे-बगाहे फिसलती रही जुबान और उल-जलूल हरकतों के बावजूद उनके प्रति लोगों का सम्मान कम नहीं होने दिया है। इसी छवि के चलते विगत के बिहार चुनाव में एनडीए को भारी जीत भी मिली। लेकिन इसके साथ ही यह भी मान लिया गया कि इन चुनावों के बाद नीतीश की विदाई भी हो सकती है। यह कहना मुश्किल है कि बीजेपी और जनता दल यू ने तय किया हो कि चुनाव बाद नीतीश हट जाएंगे या हटा दिए जाएंगे। लेकिन जिस तरह से नीतीश ने खुद को बिहार से दूर किया है, उससे लगता है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच ऐसी समझ विकसित हो चुकी थी। चूंकि इसकी भनक बाहर नहीं लग पाई थी, इसलिए यह बदलाव लोगों को आसानी से पच नहीं रहा।

नीतीश ने जिस जनता दल यू को सींचा-खड़ा किया है, उसका भी चरित्र कुछ-कुछ कांग्रेस की तरह हो गया है। जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस को एक रखने का चुंबक है, नीतीश ही जनता दल यू के लिए उसी तरह के चुंबक हैं। बेशक राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन, संजय झा, विजय चौधरी और अशोक चौधरी, नीतीश के बेहद करीब हैं। लेकिन इन चारों की समूचे जनता दल यू में स्वीकार्यता नहीं है। जदयू को एक नीतीश रख सकते हैं या उनके बेटे निशांत। जदयू को एक रखने के लिए निशांत का राजनीति में आना जरूरी है। राजनीति में उनके प्रवेश की अटकलें करीब दो वर्षों से लगाई जा रही हैं। नीतीश की छवि परिवारवाद विरोधी नेता की भी है। बिहार की राजनीति के केंद्र में उन्हें लाने के पीछे लालू के परिवारवाद पर उनका तीखा हमला भी रहा है। ऐसे में नीतीश के बाद सीधे निशांत की ताजपोशी उनकी छवि को नुकसान पहुंचा सकती थी, लिहाजा निशांत को उत्तराधिकार सौंपने के लिए ऐसी राह चुनी गई है, जिससे नीतीश को कम से कम नुकसान हो। इसलिए वे दिल्ली में राज्यसभा की शोभा बढ़ाने जा रहे हैं, जबकि नीतीश बिहार की सत्ता में नंबर दो की पोजिशन संभालने जा रहे हैं। इस कदम से निशांत को सीधे बिहार की सत्ता मिल भी नहीं रही और जदयू पर पकड़ के लिए मजबूत रस्सी भी थमाई जा रही है।

बिहार इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जीविका दीदियों के खाते में अब तक 18 हजार एक सौ करोड़ दिए जा चुके हैं। दो साल में करीब दो लाख कर्मचारियों की भर्ती के बाद राज्य का वेतन खर्च 70 हजार करोड़ से ज्यादा हो चुका है। पेंशन खर्च पैंतीस हजार करोड़ हो चुका है। राज्य का बजट तीन लाख 67 हजार करोड़ का है। इसमें से पैंसठ फीसद खर्च प्रतिबद्ध खर्च है यानी विकास और योजना पर। राज्य की आर्थिक स्थिति की गड़बड़ी के चलते लालू राज के बाद पहली बार वित्त विभाग को आदेश देना पड़ा है कि कर्मचारियों के वेतन खर्च के अलावा कोई भुगतान ना किया जाए। नीतीश को यह कठिनाई पता है। माना जा रहा है कि बीजेपी को सत्ता सौंपने के पीछे उनका मकसद यह भी माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में राज्य के इस आर्थिक संकट को सत्ता के केंद्र में होने के चलते उसे भुगतना पड़ेगा। हो सकता है कि अपने लोगों के हाथ सत्ता होने के चलते बिहार को मोदी सरकार की ओर से केंद्रीय मदद मिल जाए।

## सार-समाचार

### गैस सिलेंडर बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यम अपनाने की सलाह

**अनोखा तीर, खंडवा।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने नागरिकों से गैस सिलेंडर की पैनिक बुकिंग नहीं करने की अपील की है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी पर जाकर बुकिंग करने के बजाय डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी गई है। ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल के माध्यम से गैस बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से इन डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने का आग्रह किया है। देश में घरेलू गैस उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साथ ही स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से एलपीजी के दो जहाज भारत के लिए रवाना हो चुके हैं, जो 16 और 17 मार्च तक कांडला (गुजरात) और मुंद्रा पोर्ट पहुंचेंगे। ऑयल कंपनी के स्टेट नोडल ऑफिसर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। प्रदेश के 11 बॉटलिंग प्लांट और वितरकों के गोदामों में भी पर्याप्त सिलेंडर मौजूद हैं। घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अंतिम रिफिल के 25 दिन बाद ही पुनः बुकिंग कराएं। गैस सिलेंडर बुकिंग से संबंधित शिकायत के लिए भारत गैस हेल्पलाइन नंबर 1800-22-4344, इंडेन गैस कस्टमर केयर नंबर 1800-2333-555 तथा एचपी गैस कस्टमर केयर नंबर 1800-2333-555 पर संपर्क किया जा सकता है।

### चना-मसूर पंजीयन की अंतिम तिथि आज, सरसों के लिए 20 मार्च तक अवसर

**अनोखा तीर, खंडवा।** म.प्र. शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार विपणन वर्ष 2026-27 के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से 16 मार्च तक चना और मसूर के पंजीयन किए जा रहे हैं। उप संचालक कृषि नितेश यादव ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए स्थापित गेहूं पंजीयन केंद्रों पर ही चना, मसूर और सरसों फसल के पंजीयन किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि चना और मसूर फसल के उपार्जन के लिए 16 मार्च तक तथा सरसों फसल के लिए 20 मार्च तक अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें।

### खंडवा में 22 से आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

**अनोखा तीर, खंडवा।** बहन-बेटियों और युवाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक व सक्षम बनाने के उद्देश्य से 22 से 26 मार्च तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सिंधी धर्मशाला, बगीचा ग्राउंड में होगा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शिविर में भारत सरकार द्वारा सम्मानित वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर प्रशिक्षक बलवंत सिंह देवड़ा प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाएंगे। इसमें 12 वर्ष या उससे अधिक आयु की बालिकाएं, महिलाएं और युवा भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होगा। पहला सत्र सुबह 7 से 9 बजे तक तथा दूसरा सत्र शाम 5 से 7 बजे तक रहेगा। शिविर में आत्मरक्षा की शारीरिक तकनीकों के साथ मानसिक रूप से सशक्त बनने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। हनुमानगढ़ परिवार से जुड़े मनीष मलानी, अमित वैणानी और राहुल चंचलानी ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में महिलाओं और युवाओं का मानसिक व शारीरिक रूप से आत्मरक्षा के लिए तैयार होना आवश्यक है। इच्छुक प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। पंजीयन के लिए मनीष कुमार मलानी, अमित वैणानी और राहुल चंचलानी से संपर्क किया जा सकता है। यह आयोजन हनुमानगढ़ परिवार, सिंधी कॉलोनी खंडवा द्वारा किया जा रहा है।

### लोक अदालत - नगर पालिका ने बढ़ाया राजस्व

#### करोड़ों की वसूली, सैकड़ों मामलों का हुआ समाधान

**अनोखा तीर, खरगोन।** शहर में बकाया करों की वसूली को लेकर नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई की गई। 14 मार्च को आयोजित लोक अदालत में नगर पालिका ने एक ही दिन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 1 करोड़ 24 लाख 244 रुपए की वसूली की। इस दौरान संपत्तिकर, जलकर, दुकान किराया, टी.आई.डी. लीज सहित विभिन्न प्रकार के बकाया करों से जुड़े मामलों का राजीनामे के आधार पर निराकरण किया गया। लोक अदालत में बड़ी संख्या में करदाता पहुंचे और समझाइश के बाद कई लोगों ने मौके पर ही अपने बकाया करों का भुगतान कर दिया। नगर पालिका द्वारा इस विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए पुराने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया गया, जिससे राजस्व संग्रह में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई। नगर पालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 11,610 प्रकरणों में से 1,384 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया और संबंधित करों की राशि वसूल की गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोक अदालत परिसर में करदाताओं को नियमों की जानकारी दी और उन्हें समय पर कर जमा करने के लिए प्रेरित किया। इस पहल के चलते कई ऐसे प्रकरण भी सुलझे जो लंबे समय से लंबित चल रहे थे। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि बकाया करों की वसूली के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और वर्षांत तक विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसके तहत बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाने, कुर्की की कार्रवाई और आवश्यक होने पर दुकानों को सील करने जैसे कड़े कदम भी उठाए जाएंगे। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने करों का भुगतान कर शहर के विकास कार्यों में सहयोग करें और अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई से बचें।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत 16 मार्च को खंडवा में दो स्थानों पर शिविर

**अनोखा तीर, खंडवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत पात्र नागरिकों को उनकी पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम क्षेत्र में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 16 मार्च को खंडवा में दो स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। गौशाला चौराहे पर आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 25 से 28 के नागरिकों को योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान किया जाएगा। वहीं सिंधी धर्मशाला में वार्ड क्रमांक 34, 37, 38 और 46 के नागरिकों के लिए शिविर लगाया जाएगा। दोनों शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे।

### खंडवा में दो दिवसीय मिलेट्स मेला एवं कृषक सम्मेलन आज से

**अनोखा तीर, खंडवा।** कृषक कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य मिलेट मिशन एवं तिलहन मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय मिलेट्स मेला एवं कृषक सम्मेलन 16 व 17 मार्च को आयोजित किया जाएगा। उप संचालक कृषि नितेश यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम नई कृषि उपज मंडी परिसर, खंडवा में प्रातः 11 बजे से शुरू होगा। मेले में किसानों को मिलेट्स एवं तिलहन फसलों से संबंधित जानकारी, नवीन तकनीक तथा योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही कृषकों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी और परामर्श की व्यवस्था भी रहेगी।

# गेहूं की फसल जलने से किसानों को नुकसान, मुआवजे की मांग



#### किसान कांग्रेस ने की तत्काल मुआवजे की मांग

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले एवं विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में पिछले आठ दिनों से आग लगने की घटनाओं के कारण किसानों की खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के झूलते तार, टूटे हुए खंभे, शॉर्ट सर्किट तथा अन्य ज्वलनशील कारणों से आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं, जिसके चलते करीब 100 एकड़ से अधिक क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। इससे किसानों की चार महीने की मेहनत पल भर में राख में बदल गई और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसान कांग्रेस के महासचिव गजेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रभावित गांवों का दौरा कर किसानों से मुलाकात की और उनके नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने सुलगांव में किसान रामलाल गुर्जर, खेगांव में आशाराम पवार, भोगाबा में निर्भय सिंह, विक्रम सिंह एवं हरे सिंह, करौली में मुरली, दिनकरपुरा सहित आसपास के अन्य गांवों के किसानों के खेतों में पहुंचकर जली हुई फसल को देखा और किसानों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान किसानों ने बताया कि खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार कई जगहों पर झूल रहे हैं तथा कई स्थानों पर खंभे भी क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट होने की आशंका बनी रहती है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली विभाग द्वारा इनकी मरम्मत और देखरेख की जाती तो इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सकता था। मौके पर ही किसान कांग्रेस महासचिव गजेंद्र सिंह सोलंकी ने किसानों एवं ग्रामीणों के साथ मोबाइल के माध्यम से बिजली विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल नुकसान का सर्वे कराने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत और फसल की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार विभागों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। सोलंकी ने शासन एवं प्रशासन से मांग की है कि जिन किसानों की फसल आग की घटनाओं में नष्ट हुई है, उन्हें शीघ्र राहत राशि प्रदान की जाए और बिजली विभाग की लापरवाही की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों को समय पर न्याय और मुआवजा नहीं मिला तो किसान कांग्रेस आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगी। ऐसी स्थिति में रोड रोको, चक्का जाम तथा तहसील कार्यालय और विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# बंगाल में करता था मजदूरी, मध्यप्रदेश में आकर बन गया झोलाछाप डॉक्टर

#### झोलाछाप पर अब होगी कार्यवाही, बीएमओ ने दिया आश्वासन





**अनोखा तीर, खरगोन।** जिले के भगवानपुरा तहसील के ग्राम धुलकोट में विजय हलदार नामक एक ऐसा झोलाछाप बंगाली डॉक्टर है जो पश्चिम बंगाल कलकत्ता से मध्यप्रदेश के खरगोन में आकर अवैध रूप से इलाज कर रहा है.. ये मरीजों को धड़ल्ले से इंजेक्शन बॉटल लगाने का कार्य कर रहा है। न तो इनके पास स्वास्थ विभाग से कोई रजिस्ट्रेशन हे.. न ही कोई वैध डिग्री जिससे ये मरीजों का एलोपैथी में इलाज कर सके। स्वास्थ विभाग के सुस्तीपन रवैए से ये बेखौफ मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहा है।

**पश्चिम बंगाल में करता था मजदूरी :**सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार विजय हलदार कलकत्ता में मजदूरी का कार्य करता था जिसके बाद ये मध्यप्रदेश में आकर इंजेक्शन बॉटल लगाने का कार्य करने लगा..इसके पास इलाज करने के लिए कोई भी डॉक्टरी, डिग्री नहीं है।

**बाहरी बंगाली बाबू के इलाज का जादू :**अगर बात की जाए बंगाली डॉक्टर की तो ये बंगाल से आकर एक कुर्सी, एक स्टूल, ड्रिप चढ़ाने के लिए एक पलंग, एक हरे रंग का पर्दा, एक ताक में दवाइयां, बस यही इनका क्लिनिक है। ये ग्रामीण क्षेत्रों को टारगेट करते हैं वहां किराए से कमरा लेकर अपनी अवैध क्लिनिक संचालित करते हैं। खास बात तो इनकी यह रहती है कि शुरू में ये कम पैसे में इलाज करवाते हैं और मरीजों को ऐस्ट्रोराइड लगा कर जल्दी ठीक भी कर देते हैं परन्तु गरीब आदिवासियों, एवं कम पढ़े लिखे लोगों को ऐस्ट्रोराइड का मतलब नहीं पता होता है ओर वो कम पैसे में ओर जल्दी स्वस्थ होने के चक्कर में विश्वास में आ जाते है। असल में ऐस्ट्रोराइड के लगाने से मरीज जल्दी तो ठीक हो जाते है परन्तु उनके अंगों को कई प्रकार के डेमेज होते हैं। जो बाद में गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं।

**क्षेत्र के डॉक्टरों के पेट पर बंगाली मार रहे लात :**मध्यप्रदेश में रहने वाले लाखों मेडिकल के स्टूडेंट जब [illegible] की डिग्री लेकर जब अपनी पैथी के इलाज के लिए क्लिनिक संचालित करने का सोचते हैं और संचालित करते हैं तब अनपढ़ बंगाली बाबू की वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि बंगाली डॉक्टर पहले ही कम पैसे में इलाज कर लोगों को विश्वास में ले चुका है साथ ही मरीज की जान से खिलवाड़ तो वो भीतर ही भीतर करता है। धीरे-धीरे गंभीर बीमारी से पीड़ित करने वाले झोलाछाप बंगाली डॉक्टर की वजह से जब मरीज की जान चली जाती है तो बंगाली बाबू कलकत्ता भागने में देर नहीं करते ओर फिर से वहां जाकर मजदूरी करने लग जाते हैं। ऐसे में क्षेत्र के डिग्री धारी डॉक्टरो का भविष्य अंधकार में है।

**इनका कहना-**

● बहुत जल्द हम विजय हलदार के खिलाफ कार्यवाही कर उसका क्लिनिक सील करेंगे।

**-डॉ. सुनील वर्मा**
**ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर**
**भगवानपुरा**

### महापौर ट्रॉफी टी-20 : आरसीसी की जीत, मनीष कप्तान मैन ऑफ द मैच



**अनोखा तीर, खंडवा।** सूरजकुंड स्थित जिमखाना क्रिकेट मैदान पर पहली बार महापौर ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रात्रिकालीन दूधिया रोशनी में मैचों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। शनिवार रात खेले गए पहले मुकाबले में आरसीसी ने डीसीसी को 9 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीसी की टीम 60 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से आनंद तिरोले ने 20 रन बनाए, जबकि धीरज शर्मा और गणेश के बीच 25 रन की साझेदारी रही। आरसीसी की ओर से मनीष कप्तान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। 61 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीसी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। मनीष कप्तान ने नाबाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में एमपीसीए ने लायंस टीम को हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लायंस टीम ने 20 ओवर में 139 रन बनाए। जवाब में एमपीसीए ने 17 ओवर में 140 रन बनाकर मैच जीत लिया। एमपीसीए की ओर से शैलेंद्र सिंह चौहान ने नाबाद 50 रन और पूनम चौहान ने 32 रन बनाए। शैलेंद्र सिंह चौहान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर अंबाराम कराड़ा, राजपाल सिंह तोमर, सेवादास पटेल, पिंकी वानखेड़े, रितेश गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### खंडवा में मनाया गया विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस



**अनोखा तीर, खंडवा।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित खंडवा के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, दूरसंचार विभाग की अनुविभागीय अधिकारी भक्ति सोनी, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री तिवारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राधेश्याम गोले, नापतौल विभाग के निरीक्षक आर.पी. गजभिए तथा उपभोक्ता उत्थान संगठन के मुकेश गौर उपस्थित रहे। सभी ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील नागराज ने किया, जबकि अंत में सहायक आपूर्ति अधिकारी अमित चौहान ने आभार व्यक्त किया।

### इंदौर में 17 मार्च को होगा आकाशवाणी का लोकरंग उत्सव




**अनोखा तीर, खंडवा।** आकाशवाणी इंदौर और वीर भारत न्यास के सहयोग से विक्रमोत्सव-2026 के तहत लोकरंग उत्सव कार्यक्रम 17 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 7:30 बजे से आकाशवाणी परिसर, मालवा हाउस, इंदौर में होगा। कार्यक्रम में हरिहरेश्वर पोद्दार एवं उनके साथियों द्वारा मालवी लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। पूर्णिमा चतुर्वेदी और उनकी मंडली निमाड़ी लोकगीत व नृत्य प्रस्तुत करेंगी। वहीं रामप्रसाद अहिरवार अपने साथियों के साथ बुंदेलखंडी लोकगीत और नृत्य की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा बलिराम धुर्वे एवं उनके साथी गोंडी लोकगीत और नृत्य प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के परिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाह और विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# आजीवन सहयोग निधि में सांसद पाटिल ने दिए 51 हजार



**अनोखा तीर, खंडवा।** पार्टी की गतिविधियों के संचालन के लिए चलाए जा रहे आजीवन सहयोग निधि अभियान के तहत सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने 51 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। शनिवार को खंडवा प्रवास के दौरान उन्होंने यह राशि जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर और जिला प्रभारी सुभाष कोठारी को सौंपी। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आजीवन सहयोग निधि स्वैच्छिक दान का अभियान है, जिसके माध्यम से कार्यकर्ता और समर्थक डिजिटल या चेक के जरिए पार्टी को सहयोग राशि प्रदान करते हैं। इस निधि का उपयोग संगठनात्मक गतिविधियों और दैनिक कार्यों के संचालन में किया जाता है तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखी जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कार्यकर्ताओं और समर्थकों से करीब 10 लाख रुपए की राशि डिजिटल और चेक के माध्यम से प्राप्त हो चुकी है। इस अवसर पर धर्मेंद्र बजाज, हरीश कोटवाले, राजेश यादव, आशीष चटकेले, भारत पटेल, सागर आरतानी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संकल्प से समाधान अभियान के तृतीय चरण में विकासखंड स्तर पर लगेंगे शिविर

**अनोखा तीर, खंडवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए तृतीय चरण में विकासखंड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों द्वारा निराकरण किया जाएगा। सभी शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खंडवा विकासखंड और नगर निगम क्षेत्र के लिए 18 मार्च को जनपद पंचायत कार्यालय खंडवा में शिविर लगेगा। नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत पुनासा के नागरिकों के लिए 19 मार्च को जनपद पंचायत पुनासा के सभाकक्ष में शिविर आयोजित होगा। नगर परिषद छनेरा और जनपद पंचायत हरसूद क्षेत्र के लिए 20 मार्च को जनपद पंचायत हरसूद परिसर में शिविर लगाया जाएगा। इसके अलावा पंधाना क्षेत्र के लिए 23 मार्च को जनपद पंचायत पंधाना परिसर में, खालवा विकासखंड के ग्रामीणों के लिए 24 मार्च को जनपद पंचायत खालवा में, छैगांवमाखन क्षेत्र के लिए 25 मार्च को जनपद पंचायत परिसर छैगांवमाखन में तथा बलड़ी विकासखंड के ग्रामीणों के लिए 26 मार्च को जनपद पंचायत बरेली परिसर में शिविर आयोजित होगा। अभियान के चतुर्थ चरण में 26 से 31 मार्च के बीच जिला स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में शेष और नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा तथा लाभार्थियों को जिला स्तरीय समारोह में योजनाओं के हितलाभ प्रदान किए जाएंगे।

# शीतला माता मंदिर में 19 से श्रीमद् देवी भागवत कथा



**अनोखा तीर, खंडवा।** जसवाड़ी रोड स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में 19 से 27 मार्च तक संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन शीतला माता संगठन एवं समस्त देवी भक्तों के सहयोग से किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 19 मार्च को सुबह 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा गायत्री शक्तिपीठ सूरजकुंड से प्रारंभ होकर शीतला माता मंदिर तक पहुंचेगी। इसके बाद प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4:30 बजे तक कथा वाचन होगा। कथा वाचन पं. राकेश तिवारी महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजन के संरक्षक महाकाल मंडल खंडवा हैं। आयोजन समिति के अनुसार कथा के दौरान देवी भागवत के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। 20 मार्च को देवी भागवत महात्म, 21 मार्च को मधु-कैटभ वध, 22 मार्च को महाभारत प्रसंग व भुवनेश्वरी धाम, 23 मार्च को महिषासुर वध, 24 मार्च को मां हिंगलाज कथा, 25 मार्च को शिव-पार्वती विवाह तथा 26 मार्च को कृष्ण जन्म उत्सव एवं लक्ष्मी-प्रकृति देवी कथा का वर्णन किया जाएगा। कथा का समापन 27 मार्च को पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण के साथ होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा गुड़ी पड़वा पर नववर्ष आगमन का उत्सव भी मनाया जाएगा।

# नर्मदापुरम में पहली बार संभाग स्तरीय शिक्षक-कर्मचारी खेल प्रतियोगिता आयोजित



**● भोपाल संभाग के 40 शासकीय महाविद्यालयों के 73 खिलाड़ियों ने लिया भाग**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

नर्मदापुरम में पहली बार मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी (महिला-पुरुष) खेल प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता स्थानीय शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय के खेल विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के सचिव एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ. जैन सहित विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रोफेसर, क्रीड़ा अधिकारी और कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित खेल गतिविधियों से शरीर स्वस्थ रहता है और कई बीमारियों से भी बचाव संभव होता है। डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज तथा लॉन टेनिस की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं को 50 वर्ष से कम और 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की दो श्रेणियों में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, बैतूल, राजगढ़ और नर्मदापुरम जिलों के लगभग 40 शासकीय महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारी, प्रोफेसर, कर्मचारी तथा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

### शतरंज में जिला संघ का सहयोग

शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन में जिला शतरंज संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी पीजी गौर, अंकित जोशी तथा पूर्व अध्यक्ष बसंत दुबे का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। वहीं बैडमिंटन प्रतियोगिता में डॉ. तरुण रावत, डॉ. मुस्तकीम अहमद, डॉ. सत्यप्रकाश पटेल, डॉ. दीपाली जैन, डॉ. संजीव कैथवास, डॉ. नंदकिशोर, डॉ. दीक्षा सिंह, डॉ. प्रदन्या करंदीकर और डॉ. नीतू ने निर्णायक के रूप में सहयोग दिया। टेबल टेनिस में डॉ. सतीश कुमार निर्णायक रहे। तथा लॉन टेनिस के आयोजन में जिला खेल अधिकारी उमा पटेल खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सॉफ्ट टेनिस कोच व पूर्व क्रिकेटर दीपक तिवारी और महेंद्र पंचालिया का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रतियोगिता में कुल 46 पुरुष और 27 महिला खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 24 से 26 मार्च 2026 तक शासकीय कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय सागर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**बैठक में सुरक्षा के दिए गए सख्त निर्देश**

# नवरात्रि को लेकर सलकनपुर मंदिर परिसर में व्यापारियों की बैठक आयोजित



**अनोखा तीर, बुदनी।**

आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में सलकनपुर मंदिर परिसर में सभी व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी, तहसीलदार, एसडीईआरएफ (सीहोर) की टीम तथा स्थानीय व्यापारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने व्यापारियों को मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए जागरूक किया। बैठक के दौरान व्यापारियों को विशेष रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि मेला क्षेत्र और मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के आग्नेयपदार्थ या सिलेंडर का उपयोग पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एसडीईआरएफ की टीम ने व्यापारियों को आग से बचाव के तरीके, फायर सेफ्टी उपकरणों का सही उपयोग तथा आग लगने की स्थिति में उसे नियंत्रित करने का प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह था कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और सुरक्षित तरीके से कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों में सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखें और आवश्यक छोटे फायर रोकथाम उपकरण (फायर एक्सटिंग्विशर) अवश्य रखें, ताकि नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## सार-समाचार

### बर्मी कंपोस्ड बेड निर्माण और जल संरक्षण पर व्याख्यान आयोजित

**अनोखा तीर, माखन नगर।** स्थानीय श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में दैनिक गतिविधि के अंतर्गत प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के मार्गदर्शन में 13 मार्च को महाविद्यालय परिसर में स्थित वर्मी कंपोस्ट यूनिट में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 और इकाई 02 के स्वयं सेवकों




द्वारा खाद निर्माण के लिए वर्मी बेड तैयार किया गया। जिसको पेड़ के पत्तों, मिट्टी, गोबर, पानी की सहायता से पूरा भरा गया। इसके बाद इसमें केंचुए डाले जाएंगे। जिसमें एक निश्चित समयावधि के बाद वर्मी कंपोस्ट खाद बनकर तैयार हो जाएगा। इसको कार्यक्रम अधिकारी इकाई 02 डॉ. कविता दुबे के दिशा निर्देश में तैयार किया गया। इसके साथ ही 14 मार्च को जल संरक्षण विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें जलप्रबंधन, प्रदूषण, पर्यावरण में जल का महत्व विषय पर कार्यक्रम अधिकारी इकाई 01 डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा विस्तृत व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में रासेयो के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### विराट ईनामी घेराबाजी प्रतियोगिता, 17 मार्च को आचार्य दुबे करेंगे शुभारंभ

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** फाग माह हिंदू नववर्ष के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के संरक्षण में जागृत हिंदू संस्कृति रक्षक मंच द्वारा आयोजित विराट ईनामी घेराबाजी गम्मत प्रतियोगिता 17 मार्च को राठौर धर्मशाला मैदान पर होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ आचार्य आचार्य पुनीत दुबे करेंगे। इस अवसर



पर पूज्य अतिथि धर्माचार्य पं. सोमेश परसाई, कथा प्रवक्ता गोविंददास महाराज, बजरंग दल के प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में पुरस्कार प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 25 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 17 हजार रुपए और अन्य कई पुरस्कार शामिल हैं। कार्यक्रम में यशोदा के सांवरे म्यूजिकल ग्रुप और गायक अभिषेक मालवीय धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देंगे। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख कार्यक्रम संयोजक शिव राठौर ने बताया कि विराट ईनामी घेरा बाजी गम्मत प्रतियोगिता 17 एवं 18 मार्च को होने वाली प्रतियोगिता 17 मार्च को रात्रि के 7 बजे से स्थानीय सिद्धिविनायक गणेश मंदिर राठौर धर्मशाला मैदान पर होगी। कार्यक्रम में मंच संचालन विनोद रघुवंशी दीपक सोनी द्वारा किया जाएगा।

# विधायक ने राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 की तैयारियों की समीक्षा




**अनोखा तीर, बुधनी।**

आगामी राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 के सफल आयोजन को लेकर आज बुधनी के विधायक रामाकांत भार्गव ने तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान बुधनी के निदेशक डॉ. बीएम नंदेडे, संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी तथा बुधनी विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डॉ. बीएम नंदेडे द्वारा एक्सपो के आयोजन से संबंधित योजना एवं तैयारियों की प्रगति पर विस्तृत पावरपॉइंट प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में प्रदर्शनी क्षेत्र की व्यवस्था, प्रतिभागियों की भागीदारी, किसानों की उपस्थिति, प्रदर्शित होने वाली आधुनिक कृषि तकनीकों तथा कार्यक्रम के विभिन्न आयोजन संबंधी पहलुओं की जानकारी दी गई। बैठक में आगंतुकों की सुविधा, किसानों के लिए विशेष व्यवस्थाएं, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग, प्रदर्शनी क्षेत्र की तैयारियां तथा स्थानीय प्रशासन के समन्वय सहित सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक रामाकांत भार्गव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पर और व्यवस्थित रूप से पूरी की जाएं, ताकि यह आयोजन किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी और सफल साबित हो सके। बैठक में स्थानीय प्रशासन की ओर से दिनेश सिंह तोमर एसडीएम बुधनी, रवि शर्मा अनुभागीय पुलिस अधिकारी, ललित सोनी तहसीलदार बुधनी, एसके अग्रवाल सीईओ नगर पंचायत भैरूंदा, सुप्रिया डुफरे सीईओ नगर पंचायत बुधनी तथा संतोष रघुवंशी सीएमओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं कार्यक्रम के आयोजन सहयोगी भारत बलियान भारती मीडिया एवं इवेंट्स भी अपने दल के साथ उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों और प्रशासनिक प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का आयोजन 22 से 24 मार्च 2026 तक केंद्रीय कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर बुधनी मध्य प्रदेश में किया जाएगा। जिसमें देशभर के किसान, कृषि उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ, वैज्ञानिक तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# एलपीजी गैस की किल्लत के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**अनोखा तीर, इटारसी।**

नगर के युवा कांग्रेस द्वारा रविवार को पुरानी इटारसी में देश में व्याप्त एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नाले में पाइप डालकर गैस निकालने का प्रयास किया गया। चुकी देश के प्रधानमंत्री ने एक समय वक्तव्य दिया था कि नाली के पानी से भी गैस निकली जा सकती है। इस अवसर पर पूर्व नगर कांग्रेस मयूर जायसवाल ने कहा कि देश में सिलेंडर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लोगों को लाइन में लगने को मजबूर होना पड़ रहा है, परंतु देश की भाजपा सरकार लोगों को राहत पहुंचाने में पूर्णतः असफल है। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि आज देश में एलपीजी सिलेंडरों की भारी किल्लत है। जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नाली से गैस निकालने जैसी फिजूल बातें करते हैं। वहीं आज जब देश संकट में है तो प्रधानमंत्री की ओर से किसी भी प्रकार की कोई बात जनता के सामने नहीं रखी गई। इससे स्पष्ट होता है देश की भाजपा सरकार जनता के मुद्दे पर खरी उतरने में असफल है। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे ने कहा कि दो देशों की लड़ाई का नुकसान आज हमारे देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। जहां नंबर लगाने के बाद भी लोगों को गैस के सिलेंडर नहीं उपलब्ध हो रहे हैं, वहीं व्यवसाय करने वाले होटल और रेस्टोरेंटों को बंद करने के नौबत आ गई है। इसकी पूर्णतः जिम्मेदार देश में स्थापित भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। सरकार केवल यह भ्रम फैला रही है कि किसी भी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है, परंतु स्थिति कुछ और है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस ने कहा कि देश की भाजपा सरकार अब तक के इतिहास की सबसे कमजोर सरकार है। पूरे विश्व में कहीं भी जरा सा कुछ होता है उसका असर हमारे देश पर पड़ता है।

कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सिवनी मालवा विकास राजपूत ने कहा देश की जनता जब किसी मुसीबत में हो तो सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि मुसीबत का हल तुरंत निकाले। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मयंक चौरे, विक्रमादित्य तिवारी, आदिवासी कांग्रेस नगर अध्यक्ष समीर परते, पार्षद दिलीप गौस्वामी, अंजलि कलोसिया, सीमा




भदौरिया, पार्षद प्रतिनिधि मनीष चौधरी, मोनी चंद्रवंशी, पप्पी कलोसिया, युवक कांग्रेस के साथी आशीष परदेशी आदि साथी और। कांग्रेस जन उपस्थित थे।

**3 दिवसीय आयोजन में निकलेगी शोभायात्रा होगा रामायण पाठ**

# हनुमान धाम मंदिर में धूमधाम से मनेगी राम नवमीं और हनुमान जी का प्राकट्योत्सव

**अनोखा तीर, इटारसी।**

शहर के प्राचीन एवं सिद्ध श्री हनुमान धाम मंदिर, ओवरब्रिज परिसर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राकट्योत्सव राम नवमीं एवं रामभक्त हनुमान जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर परंपरा अनुसार तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंदिर समिति से जुड़े सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस वर्ष भी हनुमान जी के प्राकट्योत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया जाएगा।



### यह रहेंगे कार्यक्रम

● **27 मार्च** : राम नवमी पर भगवान श्री राम के प्राकट्योत्सव के अवसर पर दोपहर 12 बजे मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को लस्सी और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाएगा।

● **31 मार्च** : हनुमान जी प्राकट्योत्सव 31 मार्च मंगलवार को रामभक्त हनुमान जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर शाम 4 बजे ओवरब्रिज स्थित श्री हनुमान धाम मंदिर से भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा पूरे शहर का भ्रमण करेगी। शोभायात्रा में जबलपुर से आए कलाकार देवी-देवताओं की चलित झांकियों का प्रदर्शन करेंगे। भगवान राम और हनुमान जी का आकर्षक दरबार और प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। ढोल-नगाड़ों और अखाड़ों के साथ नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा पुन: मंदिर परिसर में संपन्न होगी।

● **रामायण पाठ और भंडारा** : 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे से मंदिर में रामायण पाठ प्रारंभ होगा, जो 2 अप्रैल की दोपहर तक चलेगा। पाठ समापन के बाद महाआरती की जाएगी और शाम को प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन होगा। 1 अप्रैल की रात रामभक्त हनुमान जी के विग्रह का मां नर्मदा जी के जल से अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। यह अनुष्ठान रात 12 बजे से 3 बजे तक चलेगा।

मुख्य समारोह 2 अप्रैल को सुबह से देर रात तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर प्रभु हनुमान जी के दर्शन करेंगे। बैठक में मंदिर समिति के प्रमुख सेवादार लखन बेस, समाजसेवी विश्वनाथ सिंघल, पुजारी पं. नरेंद्र तिवारी, पवन बोहरा, पूर्व नपाध्यक्ष रवि जायसवाल, पार्षद राकेश जाधव, सुनील जैन, ऋषि दुबे, मनोज सारन, भविष्य सारन, राजकुमार केलु उपाध्याय, अरविंद व्यास, शैलेंद्र ठाकुर, बाबूलाल कैथवास, सत्येंद्र अवस्थी, बंटी लांबा, अशोक अग्रवाल, साईं कृष्णा, जयराज सिंह भानु, विशाल जैन, नारायण सिंह पटारिया, पंकज शर्मा, अंशुल सहगल, समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।




# नर्मदांचल मीना समाज की बैठक आयोजित

**अनोखा तीर, माखननगर।** नर्मदांचल मीणा समाज की बैठक गायत्री मंदिर माखन नगर में वरिष्ठ अध्यक्ष राजाराम मीना के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में भगवान मीनेष जन्मोत्सव 21 मार्च माखननगर में मनाने पर सहमति बनी। साथ ही जल्द समाज के छात्रावास निर्माण कार्य प्रारंभ की योजना बनाई गई। वहीं नर्मदांचल मीणा समाज के युवा अध्यक्ष राममोहन मीणा बारबाल रैपुरा को सर्वसहमति से नियुक्त किया गया। बैठक में समस्त वरिष्ठजन एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

रामायण हमें सिखाती है...

# जीवन में सत्य, धर्म, त्याग, मर्यादा और करुणा का पालन करना चाहिए : पं. ओमप्रकाश चतुर्वेदी

**अनोखा तीर, देवास।** परशुराम वाटिका गार्डन, गंगानगर में चल रही श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने कथा व्यास से भगवान श्रीराम के अवतार की भूमिका और उनके जन्म से जुड़े प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से श्रीराम के चरित्र और उनकी लीलाओं का श्रवण किया। पं. चतुर्वेदी ने कहा कि हजारों वर्षों से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा का आधार रही रामकथा में रामायण की महिमा अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला, आदर्श आचरण और धर्म के मार्ग को दिखाने वाला महान ग्रंथ है। रामकथा के प्रारंभ में जब मंगलाचरण किया जाता है, तब विशेष रूप से संत कवि गोस्वामी तुलसीदास जी की स्तुति का भी बड़ा महत्व बताया जाता है। आयोजक सुरेश चंद्र व्यास ने बताया कि कथा श्रवण करने हेतु बडी संख्या में भक्तजन कथा स्थल पर पहुंच रहे है। कथा के दौरान सुमधुर भजनों की प्रस्तुति व रामकथा की सचित्र वर्णन कलाकारों द्वारा दिया जा रहा है। जिस पर भक्त मंत्रमुग्ध हो रहे है। व्यासपीठ की आरती रामेश्वर दायमा, राधाकृष्ण यादव, टीपी तिवारी, राजेन्द्र व्यास, गोपाल पटेल भेरूंदा, संजय व्यास, दिलीप शर्मा, ममता शर्मा, आरएस केलकर, ज्योतिषाचार्य भट्ट साहब, महेश व्यास, जगदीश व्यास सुरेश व्यास, सहित अन्य भक्तों ने श्रद्धा के साथ की। उन्होंने आगे कहा कि रामकथा का उद्देश्य केवल कथा सुनाना नहीं होता, बल्कि श्रोताओं के मन में भक्ति, सदाचार और मर्यादा



की भावना जगाना भी होता है। इसी कारण कथा की शुरूआत में मंगलाचरण किया जाता है, जिससे वातावरण पवित्र और मंगलमय हो जाता है। मंगलाचरण में भगवान श्रीराम, माता सीता, भगवान शिव, गुरू और संतों के साथ-साथ गोस्वामी तुलसीदास जी का स्मरण किया जाता है। रामायण को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और पूजनीय ग्रंथ माना जाता है। इसमें भगवान राम के जीवन के माध्यम से आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श राजा और आदर्श पति का स्वरूप प्रस्तुत किया गया है। रामायण हमें सिखाती है कि जीवन में सत्य, धर्म, त्याग, मर्यादा और करुणा का पालन कैसे करना चाहिए। मंगलाचरण में भगवान श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण, हनुमान जी, भगवान शिव और गुरू की वंदना की जाती है। यह माना जाता है कि इनके आशीर्वाद से कथा बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न होती है।

मंगलाचरण में तुलसीदास जी की स्तुति इसलिए की जाती है क्योंकि वे भगवान राम के महान भक्त और रामकथा के अमर गायक माने जाते हैं। श्री व्यास ने बताया कि यह पावन कथा 22 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का पुण्य लाभ प्राप्त करें।



# आत्मा का पिता परमात्मा सुख, शांति और प्रेम का सागर है : ब्रह्मकुमारी प्रेमलता दीदी

**अनोखा तीर, देवास।**

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की परम आदरणीय गुलजार दादी की पुण्य स्मृति, उनके दिव्य जीवन, सेवा और आध्यात्मिक प्रेरणा को याद करते हुए दादी जी के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और सम्मान का भाव प्रकट करते हुए प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कालानी बाग सेंटर पर जिले की मुख्य संचालीका ब्रह्मकुमारी प्रेमलता दीदी के सानिध्य में संस्था से जुड़े भाई बहनों ने गुलजार दादी व जानकी दादी के पुण्य स्मृति दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि मां चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया, नरेंद्र मिश्रा, उम्मेद सिंह राठौड़ थे।

ब्रह्मकुमारी उन्होंने अपनी अमृतवाणी में कहा कि गुलजार दादी व जानकी दादी की शिक्षाएं और उनके बताए हुए मार्ग पर चलें, उनके संस्कारों को अपने जीवन में धारण करें। दादी ने पूरा जीवन मनुष्य आत्माओं को धर्म और आध्यात्मिक मार्ग पर शांति के मार्ग पर प्रशस्त करते हुए देश-विदेश में धर्म आध्यात्मिक और मानवता की गंगा बहाई। दीदी ने आगे कहा कि ओम शांति का अर्थ क्या है, क्या हम समझते हैं। अर्थ से ओम शांति करने से तीन बातें याद आ जाती हैं। ओम शांति का मतलब है कि में आत्मा शांत स्वरूप हूं, तू मुझ आत्मा का पिता है, आत्मा का पिता परमात्मा सुख शांति और प्रेम का सागर है। तीसरी, में आत्मा इस सृष्टि रूपी स्टेज पर पांच वजह से आई हूं। लेकिन आत्मा का घर कहां है, शांति धाम। ओम शांति बोलने से जीवन में एक शांति का अनुभव होता है। एक दिव्यता का अनुभव होता है।

## सार-समाचार

# समाज की नींव है महिला सशक्तिकरण



**अनोखा तीर, देवास।** जिले की ग्राम पंचायत खटांबा जिला देवास में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया यह सेमिनार विश्व युवक केंद्र दिल्ली की सहभागिता से सौंदर्य सेवा संस्थान समिति द्वारा आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं के अधिकार सम्मान तथा समाज में उनकी भागीदारी जैसे विषयों पर चर्चा की गई। संस्था अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मंडलोई द्वारा बताया कि आज हम यहां नारी शक्ति का सम्मान करने और उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। महिला दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उन करोड़ों महिलाओं के साहस और संघर्ष का प्रतीक है, जिन्होंने समाज की बेड़ियों को तोड़कर अपनी पहचान बनाई। एक सशक्त महिला न केवल अपना भविष्य बदलती है, बल्कि पूरे परिवार और राष्ट्र की नींव मजबूत करती है। आज के दिन आइए हम संकल्प लें कि हम अपने घरों और कार्यक्षेत्र में महिलाओं को समान अवसर और सम्मान देंगे। महिला सशक्तिकरण समाज की असली नींव है। जब महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और सम्मानित होंगी, तभी समाज प्रगति करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत खटांबा सरपंच हरि सिंह, जीआरएस देवेंद्र संस्था उपाध्यक्ष योगेश मंडलोई, सीएससी जिला समन्वयक शैलेश सोनी, घनश्याम पांचाल, एसएचजी से संतोष सोलंकी, संकुल अध्यक्ष श्रीमती पूजा डोरिया, रेखा मेहता, संगीता चौहान, सीमा नायक, आशा कार्यकर्ता सुनीता राठौर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला बैरागी, सुनीता मालवीय तथा अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# राजस्व वसूली में नगर निगम प्रथम स्थान पर

## संपत्ति कर और जलकर से करोड़ों की आमदनी

**अनोखा तीर, देवास।** नेशनल लोक अदालत में देवास नगर निगम ने राजस्व वसूली में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। तीन लाख की आबादी वाले नगर निगमों में रात्रि 8 बजे तक देवास नगर निगम प्रथम स्थान पर रहा। नगर निगम के राजस्व विभाग ने आयुक्त दलीप कुमार के नेतृत्व में रात्रि 8 बजे तक संपत्ति कर से 3 करोड़ 20 लाख रुपए तथा जलकर से 1 करोड़ 61 लाख रुपए की वसूली की। इसके अतिरिक्त अन्य मदों में करों की वसूली 9 लाख 11 हजार रुपए रही। वसूली कार्य निरंतर जारी है। नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम में काउंटर रात्रि 10 बजे तक खुले रहेंगे, वहीं नागरिक रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से अपने करों का भुगतान कर सकेंगे। इस उपलब्धि पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, आयुक्त दलीप कुमार तथा निगम राजस्व समिति अध्यक्ष जितेंद्र मकवाना ने राजस्व विभाग की पूरी टीम को बधाई दी।

डंडार प्रतियोगिता और धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# पंचायत और प्रशासन ने संभाली मेघनाथ बाबा मेला की व्यवस्थाएं

**अनोखा तीर, बैतूल।**

तहसील चिचोली अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरापाटला के ग्राम लोहारढ़ाना में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 मार्च शनिवार को श्री मेघनाथ बाबा मेला श्रद्धा और आस्था के साथ आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत चिरापाटला द्वारा आयोजित इस मेले में क्षेत्र के ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी रही और धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। मेले के आयोजन में ग्राम पंचायत चिरापाटला की मुख्य भूमिका रही। सरपंच चिरापाटला, उपसरपंच चिरापाटला तथा समस्त पंचगण के सहयोग से मेला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मेले में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, विधायक, सांसद तथा जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सहभागिता की।



## डंडार प्रतियोगिता रही मुख्य आकर्षण

मेघनाथ बाबा मेले के उपलक्ष्य में विशाल डंडार प्रतियोगिता का आयोजन रात्रि 8 बजे से 14 मार्च 2026 शनिवार तक किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न डंडार मंडलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11 हजार 750 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 9 हजार 750 रुपए, तृतीय पुरस्कार 7 हजार 750 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार 750 रुपए, पंचम पुरस्कार 4 हजार 750 रुपए, षष्ठम पुरस्कार 3 हजार 750 रुपए और सप्तम पुरस्कार 2 हजार 750 रुपए दिया गया। इसके साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में भी 2 हजार 750 रुपए प्रदान किए गए और सभी टीमों को सम्मानित किया गया। मेले के दौरान छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक आयोजन प्रस्तुत किए गए। सर्व समाज के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ मेले में भाग लिया और धार्मिक परंपरा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लिया।

## प्रशासनिक अमला रहा सक्रिय

मेले की व्यवस्थाओं के लिए तहसील चिचोली और जनपद पंचायत चिचोली के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक चिरापाटला द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चिचोली के निर्देशन में मेले की व्यवस्थाएं की गई। तहसील चिचोली की ओर से तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी के निर्देशन में राजस्व निरीक्षक चिरापाटला, ड्यूटी में तैनात हल्का पटवारी तथा ग्राम कोटवार भी मौजूद रहे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था थाना प्रभारी चिचोली के निर्देशन में की गई। डायल 112 की टीम ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेले के दौरान लगातार भ्रमण किया। वहीं उपखंड चिकित्सा अधिकारी चिचोली द्वारा मेडिकल इमरजेंसी के लिए मेडिकल टीम तैनात रखी गई, जिससे किसी भी स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके।

## जनगणना और योजनाओं की दी जानकारी

मेले के दौरान राजस्व निरीक्षक चिरापाटला, हल्का पटवारी और ग्राम कोटवार द्वारा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत प्रस्तावित जनगणना 2026–2067 को सफल बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं को पूर्ण करने के लिए मेले में मौजूद भूमका, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा की गई। मेले में ग्रामीणों ने बताया कि चिरापाटला मेला क्षेत्र के आसपास कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। उम्मीद जताई गई कि भविष्य में नए मोबाइल टावर स्थापित किए जाएंगे, जिससे जनता को संचार सुविधा मिलेगी और मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो सकेगा। ग्राम पंचायतों को धर्मस्व विभाग मप्र, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मप्र, आदिम जाति कल्याण एवं विकास विभाग मप्र तथा मप्र शासन से वित्तीय सहयोग मिलने पर ग्रामीण किसानों और क्षेत्रीय जनता को अधिक सुविधाएं मिलने की संभावना भी जताई गई।

## नरवाई नहीं जलाने की दी समझाइश

मेले के दौरान किसानों को नरवाई नहीं जलाने की जानकारी भी दी गई और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से जागरूकता के साथ सहयोग करने की अपील की गई। इस प्रकार ग्राम पंचायत चिरापाटला द्वारा आयोजित मेघनाथ बाबा मेला धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और प्रशासनिक व्यवस्था के समन्वय के साथ संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।



# बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

तीन बाण धारी बाबा खाटू श्याम कलयुग के साक्षात देवता हैं इस कलयुग में बाबा खाटू श्याम से भक्त जो भी प्रार्थना करते हैं उनकी प्रार्थना अति शीघ्र पूरी होती है। बाबा की साधना बाबा की आराधना बाबा की ज्योत और बाबा का निशान का बड़ा महत्व है। बाबा को चूरमा खीर की महाप्रसादी का भोग लगता है यह भोग बाबा को अति प्रिय है। इस कलयुग में यदि मनुष्य को किसी भी प्रकार का कष्ट पीड़ा है तो वह बाबा खाटू श्याम की शरण में जाकर सिर्फ बाबा से प्रार्थना करें तो बाबा उसकी प्रार्थना को स्वीकार करते हैं। बाबा खाटू श्याम राजस्थान की पावन भूमि पर जिनका दिव्या भव्य मंदिर बना हुआ है, बरसों से बाबा खाटू श्याम की आराधना भक्ति श्रद्धालु कर रहे हैं। भगवान श्री कृष्ण के द्वारा शीश का दान करने के बाद उन्हें यह वरदान दिया गया कि इस कलयुग में तुम्हारा पूजन श्याम नाम से होगा। खातेगांव डाक बंगला मैदान पर पहली बार हो रही बाबा खाटू श्याम की दिव्या मंगल कथा का उपस्थित जन समूह को रसपान कराते हुए, कथा व्यास पंडित राज राजेश्वर शास्त्री ने बाबा खाटू श्याम की दिव्या मंगल कथा का रसपान कराया।



# कथा परिसर में पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक आशीष शर्मा

खातेगांव की पावन धरा पर बाबा खाटू श्याम की पांच दिवसीय मंगल कथा के तृतीय दिवस भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कथा स्थल पर पहुंचे उनके साथ विधायक आशीष शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव मैं व्यास पर पहुंचकर कथावाचक पंडित राजराजेश्वर शास्त्री का दुपट्टा उड़ा कर पुष्पमाला से स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भक्त शिरोमणि मां कर्मा बाई के जन्मोत्सव एवं बाबा खाटू श्याम के कथा परिसर में जन्मोत्सव पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में सिर्फ प्रेम ही हर व्यक्ति से करना चाहिए। भगवान खाटू श्याम एवं मां कर्मा भगवान के प्रति अटूट प्रेम रखती थी, भगवान श्री कृष्ण को मां कर्मा स्वयं अपने हाथों से भोग लगती थी उनके हाथों का खिचड़ा भगवान ग्रहण करते थे।

## बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव माना

पांच दिवसीय संगीतमय बाबा खाटू श्याम जी की कथा के तृतीय दिवस कथा परिसर में बाबा खाटू श्याम के जन्म की मंगल कथा का रसपान श्रद्धालुओं ने किया। कथा व्यास पंडित राजराजेश्वर शास्त्री ने जन्मोत्सव की कथा सुनाई इस अवसर पर अभिषेक प्रकाश साहू के बालक को बाबा खाटू श्याम की जीवंत झांकी बनाई गई थी। जैसे ही प्रकाश साहू ने सिर पर बाबा खाटू श्याम को लेकर कथा परिसर में पहुंचे चारों ओर पुष्प वर्षा होते हुए जय खाटू श्याम की जय खाटू श्याम के नारे गूंज रहे थे। जैसे ही बाबा खाटू श्याम को लेकर मंच पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा व्यास पंडित शास्त्री जी ने कथा के यजमान परिवार को बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर बाबा का पूजन किया। बाल रूप में बाबा के दर्शन किए कार्यक्रम का संचालन प्रदीप साहू ने किया।

# नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामे से प्रकरणों का हुआ निराकरण

**अनोखा तीर, कन्नौद।**

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन एवं अजय प्रकाश मिश्र, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के मार्गदर्शन में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण/प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डीएस मंडलोई द्वारा शनिवार को तहसील न्यायालय कन्नौद में वृद्ध राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उक्त जानकारी अधिवक्ता शैलेंद्र पांचाल ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत मैं कुल पांच खंडपीठ का गठन किया गया था। जिसमे कुल 130 प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते राजीनामा से हुआ जिसमें 11,964,107 का अवार्ड प्राप्त हुआ। विभिन्न बैंक एवं नगर परिषद, एमपीईबी के प्रकरणों का भी निराकरण आपसी समझौते से किया गया। इस अवसर पर द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमित निगम, श्रीमति उषा उईके प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड कन्नौद, श्रीमति सोनाली शर्मा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड कन्नौद, कुंदन कछवाहे द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड कन्नौद, केदार पटेल अध्यक्ष अभिभाषक संघ, सचिव विजय बोहरे, पैरालिगल वालंटियर दिलीप बेनीवाल , एकता शर्मा, रवि जेतवार, योगेंद्र मेहरा, नायब नाजीर धीरज कोली, सिस्टम



ऑफिसर राहुल नांदेकर, सहित समस्त अभिभाषकगण तथा अन्य विभागों से आए अधिकारीगण एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों में राजीनामा से सफल हुए एवं विभिन्न पक्षकारों को आयोजित नेशनल लोक अदालत में लाभप्राप्त हुआ। जिसमें डीएस मंडलोई प्रथम जिला एवम सत्र न्यायाधीश न्यायालय कन्नौद में सफल रजीनामा कुल 30 हुए जिसमें 13 लाख 25 हजार 916 का रुपए का अवार्ड प्राप्त हुए, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमित निगम की कोर्ट में कुल 22 प्रकरणों में 21 लाख11 हजार 357 लाख रुपए का अवार्ड क्लेम के प्रकरण का भी निराकरण इंश्योरेंस कंपनी और पक्षकार के आपसी सहमति समझौते से हुआ । साथ ही न्यायालय एवं अधिवक्ता दिनेश चंद्र तिवारी और सचिन दुबे की मध्यस्थता एवं समझाइश के बाद बि सूट रेफर में पक्षकार राजीनामा कर राजी खुशी घर की ओर रवाना हुए। तथा सुश्री उषा उइके प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड न्यायालय कन्नौद में कुल 20 प्रकरणों में सफल राजीनामा हुए और कुल जिसमे 33 लाख 01 हजार 132 रुपए का अवार्ड प्राप्त हुआ। श्रीमति सोनाली शर्मा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड कन्नौद, की पीठ में कुल 35 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 56 लाख 09 हजार 106 का अवार्ड प्राप्त हुआ। न्यायालय में एक अनोखा मामला सामने आया जिसमे 55-60 वर्ष के बुजुर्ग दंपत्ति भरण पोषण के प्रकरण में अलग-अलग रह रहे थे, लेकिन न्यायाधीश सोनाली शर्मा न्यायालय एवं अधिवक्ता अमन सेठी और फरीद मंसूरी की मध्यस्थता एवं समझाइश के बाद पति-पत्नी ने राजीनामा किया और एक दूसरे को माला पहना कर मिठाई खिलाई एक साथ राजी-खुशी घर की ओर रवाना हुए। जिसमे सफल राजीनामा में उपहार स्वरूप पौधे भी वितरित किए गए। कुंदन कछवाए द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड न्यायालय में 22 प्रकरणों में सफल राजीनामा हुआ। जिसमें कुल 15,16,596 रुपए का अवार्ड प्राप्त हुआ वही न्यायालय एवं अधिवक्ता की मध्यस्थता एवं समझाइश के बाद सफल राजीनामा में उपहार स्वरूप पौधे भी वितरित किए गए। तत्पश्चात् न्यायालय में नेशनल लोक अदालत ना कोई जीता ना कोई हारा की तर्ज पर आपसी समझौते से सफलता पूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अंकुश सारडा ने किया एवं अंत में आभार नायब नाजीर धीरज कोली ने माना। उक्त जानकारी बार के सह सचिव एडवोकेट शैलेंद्र पांचाल ने दी।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**


हमारे मार्गदर्शक एवं हरदा विधायक
मान. डॉ. आर.के. दोगने जी (दादा)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनायें
सौजन्य : डॉ. आर.के.दोगने मित्र मंडल, हरदा (म.प्र.)